# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 87- ● जबलपुर ● शनिवार, 29 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष 10 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


### जबलपुर में आज का मौसम

आज सुबह का तापमान

27.2 डिसे

दोपहर 12 बजे तक

19.6 डिसे

आज भी मौसम में शाम तक बदलाव के संकेत

### कोविड संक्रमित मामले 51 हजार से ज्यादा

नयी दिल्ली, एजेंसी। देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के सात हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 51 हजार से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 7171 नये लोग कोविड संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 51314 हो गयी है और संक्रमण दर 3.69 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 9669 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं।

## » न्यूज गैलरी

### प्रियंका गांधी ने धरने पर बैठे पहलवानों से मुलाकात कर समर्थन जताया

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठे पहलवानों से शनिवार को मुलाकात की और उनके प्रति समर्थन जताया। प्रियंका गांधी कर्नाटक विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए रवाना होने से पहले शनिवार सुबह जंतर-मंतर पहुंचीं। उन्होंने महिला पहलवानों से बातचीत भी की और कुछ देर वहां बैठी। राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा भी उनके साथ थे। उल्लेखनीय है कि महिला पहलवानों द्वारा बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध में दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को दो प्राथमिकी दर्ज कीं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया था कि महिला पहलवानों की शिकायत पर कनॉट प्लेस थाने में दो प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं।

### फिलीपींस में दो जहाजों की टक्कर में एक की मौत, तीन लापता

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

फिलीपीन के कोरिगिडोर द्वीप के पास दो विदेशी जहाजों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और तीन लापता हो गये। फिसीपींस के तट-रक्षक (पीसीजी) ने कहा कि जहाजों में से एक सिएरा लियोन-ध्वज एमवी होंग शुक्रवार को दुर्घटना के कारण पलट गया। इस जहाज पर 20 चालक दल के सदस्य और 189 अन्यच लोग सवार थे। पीसीजी के मुताबिक चालक दल के 20 सदस्यों में से 16 को बचा लिया गया है, जबकि एक सदस्य का शव शनिवार को मिला। लापता चालक दल के लिए राहत एवं बचाव कार्य जारी है। पीसीजी ने कहा कि मार्शल आइलैंड्स ध्वज वाहक जहाज एमटी पेटिट सोयूर (एक रासायनिक और तेल उत्पाद टैंकर) के सभी 21 चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। पीसीजी के अनुसार एमवी होंग हाई ने जाम्बलेस प्रांत में अपना आखिरी पोर्ट कॉल किया, जबकि एमवी पेटिट सोयूर का आखिरी पोर्ट कॉल बाटान प्रांत में था। ये दोनों प्रांत मनीला के उत्तर-पश्चिम में हैं।

# जस्टिस तन्खा मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने दिल जीत लिया : कपिल सिब्बल

## मानहानि के मामले में विवेक तन्खा की तरफ से पक्ष रखने शहर पहुंचे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल

■ जबलपुर, यशभारत।

देश के जाने-माने सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल का आज शहर आगमन हुआ। वे यहां पर ओबीसी आरक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश के बाद की गई टिप्पणियों पर वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा दायर किए गए मानहानि के मामले में अपना पक्ष हाईकोर्ट में रखेंगे। श्री सिब्बल कोर्ट जाने के पहले जस्टिस तन्खा मेमोरियल स्कूल पहुंचे जहां उन्होंने दिव्यांग बच्चों के कार्यक्रमों की प्रस्तुति देखकर कहा कि इन बच्चों ने दिल जीत लिया। इस दौरान विवेक तन्खा और स्कूल स्टाफ की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्पेशल बच्चों के लिए इस तरह से काम करना अपने आप में गौरव की बात है। वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सिब्बल जिला बार के आमंत्रण पर दोपहर में जिला अदालत परिसर में संवाद कार्यक्रम शामिल होंगे।





### सीएम सहित अन्य के विरुद्ध मानहानि प्रकरण में जिला अदालत में दर्ज होगा तन्खा का बयान

उल्लेखनीय है कि ओबीसी आरक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश के बाद अपने विरुद्ध की गई टिप्पणियों को गंभीरता से लेकर राज्यसभा सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता तन्खा ने जिला अदालत, जबलपुर में 10 करोड़ की मानहानि का मुकदमा दायर कर दिया था। जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बीडी शर्मा व मंत्री भूपेंद्र सिंह को पक्षकार बनाया गया था। इसी सिलसिले में जिला अदालत में शनिवार को तन्खा का बयान दर्ज होना है। इस दौरान तन्खा की ओर से पक्ष रखने वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल मौजूद रहेंगे।

# चाहते हो कोई आए और कनपटी पर गोली चला कर चला जाए, बोले- आजम खान

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

लंबे समय तक अपनी बीमारी की वजह से सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रहे समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान एक बार फिर पुराने तेवर में नजर आए. रामपुर में निकाय चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने विरोधियों पर जमकर हमला किया. आजम खान ने शुक्रवार को रामपुर नगरपालिका के अध्यक्ष पद की पार्टी उम्मीदवार फातिमा जबी के पक्ष में प्रचार किया और विरोधियों पर जमकर हमला बोला.



### केंद्र पर हमला

इस दौरान आजम खान ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला करते हुए मर्यादा लांघ दी और अपशब्दों का प्रयोग भी किया.अपने विरोधियों को राजनीतिक किन्नर तक कहने में कोई गुरेज नहीं किया. आजम खान ने कहा जो लोग आज कह रहे हैं संविदा की नगर पालिका है.. पूरा देश आज संविदा पर है, लाल किला बिक गया, एयरपोर्ट बिक गए, पोर्ट बिक गए, रेलवे बिक गया, बचा ही क्या है? सिर्फ फौज रह गई है. वह हुकूमत ए हिंद के पास है, वह रहनी चाहिए. हमारी फौज और सरकारी फौज दो अलग चीजें हैं. हमारी फौज आपकी है और हमने इस फौज को हर मुहाने पर लड़ाकर देखा है और फतेह हासिल की हैं. आजम खान ने अपनी स्पीच के दौरान कहा, रामपुर वालों 150 करोड़ के हिंदुस्तान में तुम्हारी रामपुर की सीट का जिक्र हिंदुस्तान के वजीर-ए-आजम ने किया है. तुम्हारी यह हैसियत है. कितना डरते हैं तुमसे, कितना खौफ है और यह खौफ किसी जाति का नहीं है, ना मेरे वजीर होने का, ना ही मेरे एमपी एमएलए होने का, बल्कि यह खौफ है तुम्हारे और हमारे इत्तेहाथ का और हमारे बीच के एतमाद का. क्या हुआ विधानसभा के सदस्य रहें या ना रहें. एक शख्स जो नौजवानी की मंजिलें भी नहीं चढ़ सका, उसकी दो बार विधायकी खत्म कर दी गई मेरा और अब्दुल्ला का वोट देने का अधिकार भी खत्म हो गया.

### अतीक हत्याकांड की तरफ इशारा

आजम खान ने अपनी स्पीच के दौरान कहा, हमने यह शहर सियासत का यह नक्शा उत्तर प्रदेश मैं 4 बार कब्जा यूं ही नहीं किया, घर की मुर्गी दाल बराबर कुछ समझ लो लेकिन चार बार हुकूमत तुम्हारी मजबूत मुट्ठी के बगैर नहीं बनी है और यही वजह रही कि खजाने के जिस बटन पर उंगली रख दी हमने, उस तिजोरी का ताला रामपुर वालों के लिए टूट गया।

# कर्नाटक में डबल इंजन की सरकार जरूरी: पीएम मोदी

## डबल इंजन का मतलब- डबल बेनिफिट, डबल स्पीड; ये चुनाव राज्य को नंबर एक बनाएगा

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक में शनिवार से चुनावी रैली की शुरुआत कर दी। हुमनाबाद में उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- विकसित कर्नाटक के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी है। इसलिए कर्नाटक में भाजपा की सरकार बनाएं। डबल इंजन सरकार का मतलब होता है- डबल बेनिफिट, डबल स्पीड। यही नहीं पीएम ने कर्नाटक में कांग्रेस की तुलना में भाजपा शासन में तीन गुना ज्यादा विदेशी निवेश की भी बात कही। ये मेरा सौभाग्य है कि इस विधानसभा चुनाव में मेरी शुरुआत बीदर से हो रही है। बीदर का आशीर्वाद मुझे तब भी मिला था जब मैं प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बना था। आज इतनी बड़ी संख्या में यहां आ कर आपने पूरे देश को संदेश दे दिया है कि- इस बार, भाजपा सरकार। यह चुनाव कर्नाटक को देश में नंबर-1 राज्य बनाने का चुनाव है।

### कांग्रेस की तुलना में भाजपा शासन में तीन गुना ज्यादा विदेशी निवेश

कर्नाटक को देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लिए यहां डबल इंजन सरकार का होना बेहद जरूरी है। कांग्रेस की सरकार में हर साल 30 हजार करोड़ रुपए के आसपास विदेशी निवेश कर्नाटक में आता था जबकि बीजेपी की सरकार में अब हर साल करीब 90 हजार करोड़ रुपए का विदेशी निवेश कर्नाटक में आ रहा है। आप सब एक ऐसा कर्नाटक चाहते हैं जहां हाइवे और एक्सप्रेस-वे का विस्तार होता रहे, जहां मेट्रो की सुविधा और ज्यादा जिलों तक हो, जहां और भी अधिक संख्या में च्वन्दे भारतज्जैसी आधुनिक ट्रेनें चलें, जहां हर खेत में सिंचाई की आधुनिक सुविधाएं हो... पिछले पांच वर्षों में सामान्य मानवी ने कर्नाटक में विकास की जो रफ्तार देखी है वो रुकना नहीं चाहते और आपके इन सपनों को पूरा करने का बीड़ा बीजेपी ने उठाया है।

# पुलिस ने पकड़ी MDMA ड्रग, निकला यूरिया

## हाईकोर्ट ने DGP को कहा- आरोप में जिसे जेल में रखा उसे 10 लाख रुपए मुआवजा दें

■ ग्वालियर, यशभारत।



ड्रग तस्करी से जुड़ी हाई प्रोफाइल कार्रवाई में ग्वालियर पुलिस की खूब किरकिरी हुई है। 8 महीने पहले सितंबर 2022 में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार कर उनसे बरामद जिस 720 ग्राम पाउडर को MDMA ड्रग्स बताया था, वो फोरेंसिक लैब की जांच में यूरिया निकला। ड्रग्स की कीमत 72 लाख रुपए बताई गई थी। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने एक आरोपी की जमानत याचिका स्वीकार कर ली। जस्टिस दीपक कुमार अग्रवाल ने ग्वालियर पुलिस को जमकर फटकार लगाई। मप्र के DGP को आदेश दिया कि वे दो महीने के अंदर आरोपी को 10 लाख रुपए बतौर मुआवजा दें। कोर्ट ने DGP को यह भी कहा है कि वे चाहें तो मुआवजे की राशि की वसूली गैर जिम्मेदार अधिकारियों से वसूल कर सकते हैं। दोबारा इस तरह की गलती न हो, इसकी भी व्यवस्था बनाएं। सितंबर 2022 में ग्वालियर पुलिस ने शहर में पहली बार MDMA ड्रग्स पर कार्रवाई का दावा किया था। इस मामले में कई आरोपियों की हाईकोर्ट में एक से लेकर चार-चार बार तक जमानत निरस्त हुई। जिस आरोपी की अब जमानत मंजूर हुई है, उसने दूसरी बार याचिका दायर की थी। वह 235 दिन से जेल में बंद था। कोर्ट ने पुलिस के इस कारनामे पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 21 में दिए अधिकार का उल्लंघन है।

### कानून का दुरुपयोग किया

ग्वालियर की क्राइम ब्रांच और मुरार थाना पुलिस ने 6 सितंबर 2022 को मुरार इलाके से महिला समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से 750 ग्राम MDMA ड्रग्स बरामद होने का दावा किया गया था।

# अपराधी बनकर इस्तीफा नही दूंगा

## साजिश के पीछे कुछ उद्योगपति, आरोपों पर बोले WFI अध्यक्ष बृजभूषण सिंह

■ नई दिल्ली, एजेंसी।




भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने खुद पर लगाए गए पहलवानों के आरोपों पर सफाई दी है. उन्होंने कहा कि जो आरोप लगाए हैं वो सारे बेबुनियाद हैं. उन्होंने कहा, मुझे जनता की वजह से पद मिला है. उन्होंने सवाल पूछा कि अखाड़े में एक ही परिवार क्यों है? ये खिलाड़ियों का धरना नहीं हैं मैं तो बहाना हूं, निशाना कोई और है. सुप्रीम कोर्ट से ऊपर कोई नहीं है। बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि अगर इन पहलवानों के पुराने बयानों को सुनेंगे तो जनवरी में इन्होंने मांग की थी कि बृजभूषण शरण सिंह अपने पद से इस्तीफा दें... इस्तीफा देना कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन अपराधी बनकर के नहीं दूंगा. मैं अपराधी नहीं हूं।

### मैं अपराधी नहीं हूं

बृजभूषण शरण सिंह ने कहा, इस्तीफा देना कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन मैं अपराधी नहीं हूं. अगर मैं इस्तीफा देता हूं तो इसका मतलब होगा कि मैंने उनके (पहलवानों) आरोपों को स्वीकार कर लिया है. मेरा कार्यकाल लगभग समाप्त हो गया है. सरकार ने 3 सदस्यीय समिति बनाई है और चुनाव 45 दिनों में होंगे और चुनाव के बाद मेरा कार्यकाल समाप्त हो जाएगा।

# आंध्र प्रदेश में नौ स्कूली छात्रों ने की आत्महत्या

## रिजल्ट जारी होने के 48 घंटे के भीतर दी जान



■ नई दिल्ली, एजेंसी।

आंध्र प्रदेश में नौ स्कूली छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। स्कूली छात्राओं द्वारा आत्महत्या की यह घटनाएं आंध्र प्रदेश के बोर्ड रिजल्ट जारी होने के 48 घंटे के भीतर सामने आई हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि परीक्षा में असफलता के खौफ में स्कूली छात्रों ने यह जानलेवा कदम उठाया है। बता दें कि आंध्र प्रदेश बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट परीक्षा के 11वीं और 12वीं के नतीजे बुधवार को जारी किए गए हैं। आंध्र प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं में इस साल करीब 10 लाख छात्र शामिल हुए और कक्षा 11 में पास हुए छात्रों का प्रतिशत 61 फीसदी रहा तो वहीं 12वीं के छात्रों का पास प्रतिशत 72 फीसदी रहा।

### इन छात्रों ने की आत्महत्या

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रीकाकुलम जिले में एक 17 साल के युवक बी तरुण ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। तरुण इंटरमीडिएट के पहले साल का छात्र था और बुधवार को घोषित हुए रिजल्ट में फेल हो गया था। वहीं विशाखापत्तनम जिले के मलकापुरम पुलिस स्टेशन इलाके में रहने वाले एक 16 साल की लड़की ने भी आत्महत्या कर ली। विशाखापत्तनम जिले में ही कंचारापालेम इलाके में एक 18 साल के युवक ने भी परीक्षा में फेल होने के बाद आत्महत्या कर ली।

### मुख्य न्यायाधीश भी जता चुके हैं चिंता

देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने भी बीती फरवरी में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाओं पर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि हमारे संस्थानों में क्या गलत हो रहा है जो छात्रों को अपनी जान देनी पड़ रही है? बता दें कि देश के सबसे बड़े तकनीकी संस्थानों आईआईटी में भी छात्रों द्वारा आत्महत्या के कई मामले सामने आए हैं।

# खरगोन और मलाजखंड में 1 इंच से ज्यादा बरसात

## MP में 4 मई तक आंधी, पानी और ओलों का मौसम

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश में 4 मई तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। तेज गर्मी की बजाय 60 से 65ड्ढ प्रतिघंटा की स्पीड से आंधी चलेगी, ओले गिरेंगे और तेज बारिश भी होगी। अगले दो दिन तो पूरे प्रदेश में ही बारिश का सिस्टम एक्टिव होगा। मौसम वैज्ञानिकों ने आकाशीय बिजली गिरने का भी अनुमान जताया है। इसके लिए एडवाइजरी जारी की है। शुक्रवार को भोपाल, बुरहानपुर, खरगोन, सीहोर, उज्जैन, बैतूल समेत कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे। सीहोर जिले में तो ओलों को फावड़े से समेटने की नौबत बन गई थी। मलाजखंड और खरगोन में पिछले 24 घंटे में 1 इंच से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड हुई है। अमूमन अप्रैल के



आखिरी सप्ताह में तेज गर्मी पड़ती है। अबकी बार आंधी, ओले के साथ बारिश हो रही है। इससे तापमान में भी गिरावट हुई है। दिन के साथ रात में भी पारा 2 से 3 डिग्री तक लुढ़क गया है। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि इन दिनों पूरे प्रदेश में ही बारिश हो रही है। इसकी मुख्य वजह उत्तर भारत में दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होना है, जो काफी मजबूत है। इसके साथ चक्रवात का असर भी है।

### आज इन जिलों में बारिश, आंधी-ओले के आसार

भोपाल, चंबल, ग्वालियर, सागर, जबलपुर, शहडोल और नर्मदापुरम संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बारिश होने के आसार है। इस कारण भोपाल, सीहोर, रायसेन, राजगढ़, विदिशा, भिंड, मुरैना, श्योपुर, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, दतिया, सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल जिलों में असर देखने को मिलेगा। इंदौर, उज्जैन और रीवा संभाग में भी बारिश का दौर चलेगा।इंदौर, शहडोल, नर्मदापुरम, रीवा और उज्जैन संभाग के जिलों के साथ ही श्योपुरकलां, भोपाल, मुरैना, गुना, राजगढ़, ग्वालियर, शिवपुरी, सीहोर, अशोकनगर, छिंदवाड़ा, मंडला, टीकमगढ़, बालाघाट, दमोह, छतरपुर और सिवनी जिलों में गरज-चमक के साथ 40 से 50Km प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है।

# पाकिस्तान में इलाही के घर छापा

## देर रात गिरफ्तार करने पहुंचे अधिकारी

■ लाहौर, एजेंसी।



पाकिस्तान में भ्रष्टाचार निरोधक और पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार देर रात पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी परवेज इलाही को गिरफ्तार करने के लिए उनके लाहौर स्थित आवास पर छापा मारा। छापा मारने वाली टीम ने इस दौरान श्री इलाही के गुलबर्ग निवास के मुख्य द्वार को तोड़ने के लिए एक बख्तरबंद वाहन का इस्तेमाल किया और घर से 12 लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें ज्यादातर उनके कर्मचारी थे। महिला पुलिस अधिकारियों ने कुछ महिलाओं को हिरासत में भी लिया। पुलिस अधिकारियों ने श्री इलाही के घर की अच्छी तरह से तलाशी ली, लेकिन श्री इलाही का पता नहीं चला। उन्होंने पीएमएल-क्यू के अध्यक्ष चौधरी शुजात हुसैन के बगल के आवास में जबरन घुसने की भी कोशिश की, लेकिन श्री शुजात के पुत्रों ने उनका विरोध किया। तलाशी अभियान शनिवार को तड़के 02 बजे तक जारी रहा और पुलिस श्री इलाही को पकड़ने में विफल रही। भ्रष्टाचार रोधी प्रतिष्ठान ने कहा कि उसकी गुजरांवाला टीम श्री इलाही को भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार करने के लिए उनके घर पहुंची थी। उधर, श्री इलाही की कानूनी टीम ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी पूर्व जमानत 06 मई तक के लिए एक अदालत से पहले ही ले ली गई थी। एसीई टीम ने जोर देकर कहा कि एक नए मामले में श्री इलाही की आवश्यकता है और वे पीटीआई नेता को गिरफ्तार किए बिना नहीं छोड़ेंगे। श्री इलाही के वकीलों ने एसीई अधिकारियों को जमानत के बारे में आश्वासन दिया। उधर, श्री इलाही के पुत्र मूनिस इलाही ने ट्वीट कर कहा, पंजाब पुलिस अभी मेरे पिता को उस मामले में गिरफ्तार करने के लिए हमारे आवास पर है, जिसके लिए उन्हें आज जमानत मिली है। उनकी जमानत की सुनवाई को सभी मीडिया आउटलेट्स द्वारा कवर किया गया था। उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान बिल्कुल सही हैं, पाकिस्तान में कानून का शासन समाप्त हो गया है। पीटीआई प्रमुख इमरान खान ने शनिवार आधी रात को ट्वीट किया, श्री परवेज इलाही के घर पर अवैध छापेमारी की कड़ी निंदा करता हूं, जिसमें मौजूद महिलाओं और परिवार के सदस्यों का कोई सम्मान नहीं है। हम अपनी आंखों के सामने पाकिस्तान में लोकतंत्र को खत्म होता देख रहे हैं। संविधान, उच्चतम न्यायालय के फैसले या लोगों के मौलिक अधिकारों का कोई सम्मान नहीं है - केवल जंगल राज है।


# ऑपरेशन कावेरी: अंधेरे में विमान उतारकर 121 भारतीयों को बचाया, सूडान में एयरफोर्स का हैरतअंगेज अभियान

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

ऑपरेशन कावेरी के तहत सूडान में फंसे भारतीयों को वहां से बाहर निकाला जा रहा है। इस काम में भारतीय वायुसेना और नौसेना के बेड़े को शामिल किया गया है। भारतीय वायुसेना ने एक साहसी अभियान के तहत खतरों से खेलते हुए 121 लोगों को सुरक्षित निकाला। यह एक ऐसा अभियान था जिसकी सफलता किसी चमत्कार से कम नहीं है और इसे भारतीय वायुसेना के जांबाजों ने पूरा कर दिखाया।

### खार्तूम से 40 किमी दूर फंसे थे

दरअसल, हिंसाग्रस्त सूडान की राजधानी खार्तूम से करीब 40 किमी दूर वाडी सैय्यिदना के पास 121 भारतीय फंसे हुए थे। यहां एक छोटी से हवाई पट्टी थी। 27 /28 अप्रैल की रात को वायुसेना के सी-130 जे जैसे भारी भरकम विमान को इस ऑपरेशन में लगाया गया। बेहद छोटी हवाई पट्टी पर नाइट लैंडिंग की सुविधा भी नहीं थी। विजिबिलिटी कम होने के चलते वहां सी-130 जे जैसे विमान को लैंड कराना बेहद चुनौतीपूर्ण काम था।



### नहीं थी नाइट लैंडिंग की सुविधा

भारतीय वायुसेना के पायलटों ने खतरों से खेलते हुए रात में लैंडिंग का फैसला लिया। इन जांबाजों ने नाइट लैंडिंग के लिए नाइट विजन गॉगल्स का इस्तेमाल किया और विमान को सफलता पूर्वक एक बेहद छोटी हवाई पट्टी पर लैंड करा लिया। इसके बाद यहां फंसे सभी 121 भारतीयों को लेकर यह विमान रात में ही रवाना हो गया। टेक ऑफ के लिए भी पायलटों ने नाइट विजन गॉगल्स का इस्तेमाल किया। बचाए गए लोगों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है। वायुसेना की तरफ से बताया गया कि लैंडिंग के बाद भी विमान के इंजन लगातार ऑन रहे। इस दौरान 8 गरुड़ कमांडो ने यात्रियों और उनके सामान को विमान में पहुंचाया। नाइट विजन ग्लास का उपयोग करके विमान को टेक-ऑफ कराया गया। वायुसेना ने कहा इस अभियान को भारतीय वायुसेना के अपने दुस्साहसिक अभियान के लिए जाना जाएगा। हालांकि इससे पहले काबुल में फंसे भारतीयों को वापस लाने में भी वायुसेना के जांबाज ऐसे दुस्साहसिक अभियानों को अंजाम दे चुके हैं।

# नालियों में गंदगी के साथ भरी सिल्ट, नहीं हो रही जल निकासी

# गोलबाजार में लोगों के घरों में घुस रहा गंदा पानी







## विधायक विनय सक्सेना ने कलेक्टर को पत्र लिखकर की मांग

**जबलपुर,यशभारत।** बरसात अभी शुरू भी नहीं हुई है और गोलबाजार क्षेत्र एवं उसके आसपास के क्षेत्रों के रहवासियों के घरों में पानी घुसने लगा है। ये बरसात का नहीं बल्कि नाली का गंदा पानी है। जानकारी के अनुसार विधायक विनय सक्सेना के द्वारा गुरूवार को कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन को शिकायत पत्र लिखकर मांग की गई है कि गोलबाजार क्षेत्र में बनी छोटी नालियों की निकासी की व्यवस्था नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और स्मार्ट सिटी की मदद से जल्द कराई जाए और इन नालियों को बड़े नाले से मिलाया जाए, जिससे क्षेत्र में बन रही जलप्लावन की परिस्थिति से बचा जा सकता है। आने वाले महीनों में बरसात शुरू हो जाएगी। अगर ऐसे ही हालात बने रहे तो गोलबाजार क्षेत्र में जलप्लावन की स्थिति और भयावह हो जाएगी।

### तीनों विभाग आपस में बैठाए सामंजस्य

विधायक विनय सक्सेना ने बताया कि स्मार्ट सिटी, पीडब्ल्यूडी और नगर निगम द्वारा द्वारा फ्लाई ओवर मदनमहल से दमोहनाका तक कार्य अपूर्ण हैं। स्मार्ट सिटी, पीडब्ल्यूडी और नगर निगम तीनों विभाग आपस में सामंजस्य कर अपूर्ण कार्यों को पूरा कराएं नहीं तो शहर के अधिकांश जगहों पर बारिश के समय भयानक स्थिति सामने होगी।

### रोड से नीचे बने हैं आवासीय मकान

जिन जगहों पर रोड निर्माण कार्य किए गए हैं वहां के आवासीय मकान रोड से नीचे हो चुके हैं। यहां की जल निकासी है वहां वर्तमान में गंदगी और सिल्ट भरी पड़ी है। आलम यह है कि लोगों के घरों में नालियों का गंदा पानी भर रहा है। विधायक विनय सक्सेना ने नगर निगम, स्मार्ट सिटी और पीडब्ल्यूडी से कहा है कि ये तीनों विभाग तत्काल मौके का निरीक्षणर कर नालियों को बड़े नालों से मिलाएं।

# सुरक्षा संस्थानों में श्रम कनून में संशोधनों का विरोध

## आर्मी बेस वर्कशॉप जीसीएफ खमरिया में द्वार सभाएं



**जबलपुर यशभारत.** गत दिवस 506 आर्मी बेस वर्कशॉप में ए आई डी ई एफ के आव्हान पर श्रम कानूनों में संशोधनों के विरोध में अखिल भारतीय विरोध दिवस मनाया गया ।आर्मी बेस वर्कशॉप श्रमिक संघ (लाल झंडा) खमरिया में लेबर यूनियन एवं जीसीएफ मजदूर संघ द्वारा गेट मीटिंग का आयोजन किया गया ।द्वार सभाओं में श्रमिक नेताओं रामप्रवेश पुष्पेन्द्रसिंह अर्नव दास गुप्ता राजा पांडे रोहित यादव उत्तम विश्वास विकास यादव व भारत बेरिया आदि ने कर्मचारियों के खिलाफ सरकार की गलत नीतियों ट्रेड यूनियन के अधिकारों के ऊपर हमला, कामगारों के अधिकारों के ऊपर हमला, सरकार की कामगार विरोधी नीतियां, ट्रेड यूनियनों की अनदेखी को उजागर करते हुए कहा कि कर्मचारी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं । कर्मचारियों ने साथ ही काली पट्टी पहनकर सरकार की मजदूर विरोधी व कर्मचारी विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध किया।

# मास्टर ब्लास्टर ने 5 विकेट से मैच जीतकर तीसरे दौर में किया प्रवेश



**जबलपुर, यशभारत।** 24वीं कामरेड रामशंकर रजक रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता ओलंपिक ग्राउंड खमरिया में मास्टर ब्लास्टर ज्योति नगर गढ़ा टीम ने रानीताल की वेलोड्रम इलेवन को 5 विकेट से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। 10 ओवर के निर्धारित मैच में वेलोड्रमं इलेवन ने 79 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मास्टर ब्लास्टर की टीम ने 9 ओवरों में 80 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की।

मास्टर ब्लास्टर की ओर से कप्तान विक्की दुबे, पत्रकार ने 25 बॉल पर 33 रन, दीपक चतुर्वेदी ने 17 बॉल पर 33 रन बनाए। शानदार बॉलिंग और बैटिंग के लिए मास्टर ब्लास्टर के दीपक चतुर्वेदी को मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया।। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में चीफ गेस्ट पवन राठी, सुरेश खन्ना उपस्थित रहे।

# भगवान महादेव समस्त श्रृष्टि के पालनहार हैं



**जबलपुर यशभारत।** भगवान महादेव समस्त श्रष्टि के संचालन संहार और पालन हार हैं।पृकृति के कण कण में उनका वास है। ब्रह्मा विष्णु सहित सभी 36करोड़ देवी देवता उन्हीं में समाहित हैं।भगवान राम कृष्ण सभी ने अपने काल में पल पल आराधना करके अपने अवतार को सार्थक किया है।उक्त उद्गार श्री विनायक चौराहा कंचन विहार में चल रहे शिव महापुराण की कथा में आचार्य अनूप चैतन्य पगला जगन्नाथ महाराज पशुपति अखा?ा ने व्यक्त किए।कीलों के आसन पर बैठ कर महाराज श्री ने षष्टम दिवस में गणेश भगवान एवं कार्तिकेय जी का जन्म एवं भगवान गणेश रिद्धि सिद्धि का विवाह संपन्न कराया।इस अवसर पर माता महाकाली का नृत्य प्रस्तुत किया गया। कथा में मनोज भारद्वाज अर्चना सिंह एडवोकेट चंद्रकांत शुक्ला रामनाथ गर्ग मुनीश भारद्वाज सौरभ राजपूत मंजीत गोस्वामी एवं पूजा आदि अखिल भारतीय हिन्दू सेवा दल के पदाधिकारियों के सहयोग से श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक किया।

# परक कार्यशाला का आयोजन 1 मई से

**जबलपुर, यशभारत।** समागम रंगमंडल मध्यप्रदेश की एक प्रतिनिधि नाट्य संस्था है। रंगमंच कला, कौशल विकास का एक बेहतर वैकल्पिक माध्यम हो, ये सदैव हमारी कोशिश रही है। समागम रंगमंडल द्वारा 7 से 14 वर्षीय बच्चों के लिए 15 दिवसीय प्रस्तुति परक कार्यशाला का आयोजन 1 मई 2023 से किया जा रहा है 7 जिसके लिए 29 एवं 30 अप्रैल को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आवेदक स्थानीय हरिशंकर परसाई भवन, राइट टाउन में आकर मिल सकते है। इस कार्यशाला में एक प्रस्तुति की तैयारी प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक स्थानीय हरिशंकर परसाई भवन, राइट टाउन में की जाएगी जिसमे सभी बच्चों को अभिनय, गायन एवं नृत्य का प्रशिक्षण दिया जायेगा और अंत में तैयार की गई प्रस्तुति का मंचन भी किया जायेग। अधिक जानकारी एवं आवेदन के लिए आप दिए गए फोन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं - 9301111263,8839669620 7

# उमरा के लिए रवाना जायरीनों का इस्तकबाल



**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस शहर से उमरा करने के लिए जत्था मदीने के लिए खाना हुआ।मुस्लिम धर्म के पवित्र शहर मक्का शरीफ के लिए उमरा के लिए जाने वालों का इस्तकबाल किया. जबलपुर से बड़ी तादाद में उमरा करने के लिए रवाना होने वालों में यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव आसिफ कुरैशी और आमिर कुरैशी और कौसर परवीन और साहिदा परवीन और अन्य।शामिल हैं।इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव सौरभ नाटी शर्मा इमरान हुसैन डोली कुरेशी मुजम्मिल कुरैशी गुलखान कुरेशी सुमित चौहान मोहम्मद मुकीत मनीष पिल्ले आ?द घोसी मोनू मिर्जा अयान घनघोरिया आदि उपस्थित रहे।

# थैंक्यू नगर निगम जे. सी. टी.एस. एल. मुझे मेरा बैग मिल गया

## छात्रा सृष्टि मिश्रा के चेहरे पर दिखी खुशी की मुस्कान*




**जबलपुर, यशभारत।** नगर निगम द्वारा जे.सी.टी.एस.एल. के माध्यम से एयरपोर्ट से सिटी की ओर और सिटी से डुमना एयरपोर्ट की ओर शटल बस यात्रियों की सुविधाओं के लिए संचालित की जा रही है। आज एयरपोर्ट शटल बस की एक यात्री छात्रा सृष्टि मिश्रा का लैपटॉप बैग बस में छूट गया, जिसके कारण वो काफी परेशान हो हुई और यहां वहां ढूढ़ने का प्रयत्न कर रही थी, इस दौरान उनके द्वारा कॉल सेन्टर में सम्पर्क किया गया, जहॉ से जबाव मिला कि आपका बैग सुरक्षित है, आप आई.एस.बी.टी. आकर बैग ले जाईए। जैसे ही ये खबर छात्रा सृष्टि मिश्रा सुनती है, खुशी का इजहार करते हुए थैंक्यू नगर निगम जे.सी.टी.एस.एल. बोलकर टीम को बहुत बहुत धन्यवाद देती है। इस सराहनीय कार्य एवं ज जे.सी.टी.एस.एल. टीम के सदस्यों द्वारा पेश की गई ईमानदारी की मिशाल को देखकर निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने सी.ई.ओ. सचिन विश्वकर्मा, के साथ प्रशांत बागवान को शाबाशी दी और आगे भी इसी तरह ईमानदारी पूर्वक पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने तथा यात्रियों की सेवा करने की शुभकामनाएँ दी।

# भारत के 40 वीर जवान शहीद

# पुलवामा कांड को लेकर युवा कांग्रेस का पैदल मार्च

**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय युवक कांग्रेस जबलपुर द्वारा पूर्व विधानसभा अंतर्गत बिरसा मुंडा चौक से अब्दुल हमीद चौक तक पैदल मार्च निकालकर पुलवामा में हुए आतंकी हमले में साजिश रचने वाली प्रधानमंत्री मोदी और उनके मंत्रियों के इस्तीफे की मांग की गई नगर अध्यक्ष जितिन राज ने कहा कि 14 फरवरी, 2019 यह वही दिन था, जब जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर तेजी से आगे बढ़ रहे ष्ट्रक्रस्न जवानों के काफिले पर आत्मघाती आतंकी हमला हुआ और भारत के 40 वीर जवान शहीद हो गए। जम्मू और कश्मीर एवं बिहार के सत्यपाल मलिक ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि पुलवामा हमला पूरा तरह से गृह मंत्रालय की 'लापरवाही' का नतीजा है. सीआरपीएफ ने अपने जवानों को ले जाने के लिए सरकार से हेलीकॉप्टर की मांग की थी लेकिन सरकार ने ध्यान नहीं दिया. और जब आज सतपाल मलिक सरकार की खामियों को पूरे देश के सामने उजागर कर रहे हैं तो यह सरकार इन मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए सतपाल मलिक के ऊपर ही कार्यवाही कर रही है, आज




किसी विषय को लेकर भारतीय युवक कांग्रेस जबलपुर मध्य प्रदेश द्वारा बिरसा मुंडा चौक अधारताल से अब्दुल हमीद चौक तक पैदल मार्च निकालकर अपना आक्रोश व्यक्त किया और प्रधानमंत्री मोदी सहित इस कांड में लिप्त सभी मंत्रियों के इस्तीफे की भी मांग की। मार्च के दौरान विद्यायक लखन घनघोरिया, नगर अध्यक्ष जितिन राज, संजय अहिरवार, परवेज अख्तर,संदीप पटेल, शेख फारुख, कपिल भोजक, सुबोध पहारिया, कोमल रैकवार, सोनू तिवारी, सोनू श्रीवास्तव, तनवीर खान, हाशिम खान, यावर चौधरी, मोहम्मद अली, अनु चक्रवर्ती, करण रैकवार, मुख्तार अंसारी, बसंत ठाकुर,राजा रैकवार,ललित कोटवानी, अचल नाथ चौधरी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भगवान चित्रगुप्त प्राक्टयोत्सव दिवस

## जय-जय चित्रगुप्त के जयकारे के बीच महाआरती एवं भजन संध्या

**जबलपुर यशभारत।** चित्रगुप्त भगवान के प्राक्ट्योत्सव दिवस पर प्रेम मंदिर राईट टाउन में मुख्य आयोजन हुआ । जहां महाआरती के साथ चित्रगुप्त चालीसा व आरती का वाचन हुआ । उपस्थित चित्रांश बंधुओं ने जयकारे लगाए।, विधायक विनय सक्सेना विश्व कायस्थ संगठन के राजीव लाल श्रीवास्तव, शिवहरि श्रीवास्तव, नीरज वर्मा, सुभाष ब्योहार ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त की पूजन अर्चन करने से मनुष्यों के पापों का क्षय होता है वें मनुष्य के कर्मों के पाप-पुण्य के लेखाधिकारी हैं। क्योंकि में कायस्थों के कुल देवता है इसलिए चित्रांश बन्धु उनकी आराधना करते हैं। आज पूरे देश के साथ सरकारपानी में भगवान चित्रगुप्त जी का प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है । इस अवसर पर भजन संध्या में एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति राघवेन्द्र श्रीवास्तव, कपिल श्रीवास्तव एवं उनके साथियों द्वारा देर रात तक प्रस्तुत किये

# मानव जीवन में देहदान और अंग दान से बड़ा कोई दान नहीं .... मिशा सिंह

## शादी की 50 वी सालगिरह पर शिवजी संग बीना ने भरा देहदान संकल्प पत्र

***जबलपुर, यशभारत।** तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेरा* अर्थात कभी आपने सोचा है कि नश्वर शरीर भी आपको अमर कर सकता है। जीवनभर प्रमुख पर्वो व अनुष्ठानों पर किए गए दानों में देह या अंगों का महादान से बड़ा कोई दान नहीं होता है सांस थमने के बाद शरीर का दान करने वाला देह व अंगों का महादान होता है, क्योंकि इससे दूसरों की भलाई होती है। ऐसा करने वाला व्यक्ति प्रभु की कृपा का पात्र और दुनिया की नजरों में महान बनता है। युक्त भाव को राजसात करते हुए टेमर भीटा निवासी पूर्व सैनिक श्री शिव प्रसाद पत्नि श्रीमती बीना प्रसाद ने 50 वीं शादी की सालगिरह जैसे अवसर पर मरणोपरांत देहदान करने का संकल्प पत्र कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम कक्ष क्रं.9 में उपस्थित होकर फार्म भरा और जोड़े को सम्मानित करते अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने कहा कि आज शादी की सालगिरह जैसे शुभ अवसर पर मरणोपरांत देहदान संकल्प लेकर अद्भुत मिशाल पेश की। इनकी एवं इनके परिवार की जितनी तारीफ की जाए वह कम होगी उन्होंने चिकित्सा शिक्षा के लिए देहदान कर दूसरों को भी वैसा करने के लिए प्रेरित किया है

## शिविर के सफल आयोजन हेतु एक नोडल टीम का गठन

# 16 जिलों में आयोजित निधि आपके निकट 2.0 में निपटाई गयी 245 शिकायतें



**जबलपुर,यशभारत।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार में आने वाले 16 जिलों में गुरूवार को एक साथ आयोजित निधि आपके निकट 2.0 शिविर के दौरान 245 शिकायतों का निपटान किया गया। शिविर के सफल आयोजन हेतु एक नोडल टीम का गठन किया गया जो फील्ड में तैनात समस्त टीमों के सम्पर्क में रही एवं आवश्यक जानकारी समय-समय पर टीम के सदस्यों को उपलब्ध कराती रही। समस्त प्रक्रिया की मॉनिटरिंग स्वयं राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-। द्वारा की गयी। इसी श्रृंखला में क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर में आशीष कुमार, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-।। की अध्यक्षता में निधि आपके निकट 2.0 आयोजित की गयी। शिविर के प्रारंभ में उपस्थित समस्त भविष्य निधि सदस्यों, पेंशनरों एवं नियोक्ताओं का अभिवादन पुष्प भेट कर आशीष कुमार द्वारा किया गया एवं तत्पश्चात शिविर की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। शिविर के दौरान कुल 47 शिकायतें दर्ज की गयी एवं समस्त शिकायतों का निपटान किया जाना सुनिश्चित किया गया। आशीष कुमार, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-।। द्वारा बताया गया कि शिविर के दौरान कुछ मामले ऐसे भी सामने आए जिसमें नियोक्ताओं द्वारा संस्थान में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को भविष्य निधि की सदस्यता प्रदान नहीं की जा रही है, जिस पर उन्होने संबंधित अधिकारियों को मामले में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के आदेश दिए इसके साथ ही उनके द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि नियमानुसार भविष्य निधि की सदस्यता नौकरी ग्रहण करने की दिनांक से ही कामगारों को प्रदान किया जाना अनिवार्य है। श्री आशीष कुमार, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-।। ने समस्त नियोक्ताओं से अपील की है कि वे नियुक्ति दिनांक से संस्थान में कार्यरत कामगारों को भविष्य निधि सदस्यता प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें।

## एआईएएनजीओ की 91वीं वर्षगांठ मनाई गई

# ओएफके में केक काटकर बधाइयों का आदान प्रदान



**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस ओ एफ के ब्रांच में ए आई ए एन जी ओ की 91 वी वर्षगांठ मनायी गई। एआईएएनजीओ (अखिल भारतीय अराजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन) खमरिया के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने केक काटकर काटकर बधाइयां दी एवं मिठाइयां बांटकर स्थापना दिवस मनाया साथ ही साथ अपने दो साथियों को सेवा निवृत्ति के अवसर पर विदाई भी दी। जिसमें जे डब्लू एम एसोसिएशन के चेयरमैन बीवी ओझा मुख्य अतिथि रहे । कार्यक्रम में एसोसिएशन के चेयरमैन सत्येंद्र सिंह सचिव अजय यादव कार्यकारिणी सदस्य श्री डीसी पांडे जोनल चेयरमैन अजय चौहान सुधीर जाटव महेंद्र पटेल धनजी सिंह शंकर सिंह माधव सिंह पंकज वर्मा रेवाराम प्रमोद वर्मा अशोक सिंह राकेश शिवानी अभय सिंह जितेंद्र यादव गौरव गुप्ता देवेंद्र श्रीवास शकील खान मदन रोहिताश मोहन चंद्र रामकेश गोरी नरेंद्र कुमार संतोष संतोष कुलदीप रावत अनिल दोहरे अरुण सिंह अनिल चौधरी अजय पुरी भरत राय दिलीप सक्सेना दिलीप सक्सेना प्रदीप चौधरी गिरीश यादव सुरेश यादव अजय नरवरिया राजेश्वर चौधरी ने कार्यक्रम में भागीदारी निभाई और एसोसिएशन के स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

### *व्हीएफजे में भी मनाया गया स्थापना दिवस*

अखिल भारतीय अराजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन व्हीएफजे ब्रांच द्वारा भी सीनियर स्टाफ क्लब में एआईएएनजीओ का स्थापना दिवस मनाया गया।इस मौके

# नवाचार में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण- डा. सिंह

## खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, ''विश्व बौद्धिक संपदा दिवस'

जबलपुर, यशभारत। भाकृअनुप-खरपतवार अनुसंधान निदेशालय (डीडब्ल्यूआर), जबलपुर मे 26 अप्रैल, 2023 को ''महिला और बौद्धिक सम्पदा ~ नवाचार और रचनात्मकता में तेजी'' विषय पर विश्व बौद्धिक संपदा दिवस-2023 मनाया गया, जिसमें निदेशालय के सभी वैज्ञानिक, तकनीकी अधिकारी, आर.ए., एस.आर.एफ., छात्रों एवं अन्य ने भाग लिया।इस अवसर पर डॉ. पी.के. सिंह, निदेशक (का.), आईसीएआर-डीडब्ल्यूआर, जबलपुर ने विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाने के महत्व, दुनियाभर की महिला अन्वेषकों, रचनाकारों और उद्यमियों का ''कर सकते हैं संबंधी सोच'' और उनके अभूतपूर्व कार्यो पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने आईसीएआर और निदेशालय में भी महिला वैज्ञानिकों के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने निदेशालय के सभी वैज्ञानिकों को कृषकों एवं आमजन के हित में षोध कार्य करने एवं नयी तकनीक का अधिक से अधिक पेटेंट प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. योगिता घरडे, वरिष्ठ वैज्ञानिक, आईसीएआर-डीडब्ल्यूआर, जबलपुर ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्यान में अनुसंधान क्षेत्रों में कार्यरत महिला वैज्ञानिकों के विशेष संदर्भ में पेटेंट, कॉपीराइट, डिजाइन, ट्रेडमार्क, प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग, आईपी ऑडिटिंग जैसे आईपी अधिकारों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। डॉ. चेतन



**घाटों पर निर्माण कार्य पूरा होते ही शुरू होगा**

# पंचवटी से बंदरघाट तक रिवर राफ्टिंग शुरू होकर बंद

**जबलपुर, यशभारत। पर्यटन विभाग ने भेड़ाघाट में रिवर राफ्टिंग शुरू की है। इस साहसिक और रोमांच से भरी रिवर राफ्टिंग की शुरुआत पंचवटी में हो गई है। यह पंचवटी से गौ-बच्छ और बंदरघाट तक की है। हालांकि पर्यटन विभाग ने इस खेल की जानकारी लोगों पर पहुंचाने के लिए पर्याप्त कदम अब तक नहीं उठाए। यहां तक की इसकी मार्केटिंग को पंचवटी पहुंचने वाले लोगों के बीच ही की गई। इस वजह से इस खेल की अधिकारिक सूचना जारी होने से पहले ही इस पर संकट के बादल घिर आए हैं।**

बताया जाता है कि पंचवटी में दो माह पूर्व ही रिवर राफ्टिंग शुरू की गई लेकिन अभी तक इसका अधिकारिक तौर पर शुभारंभ नहीं किया गया। यही वजह है कि पर्यटन विभाग ने इसकी मार्केटिंग पर ज्यादा जोर नहीं दिया और इसकी जानकारी को सीमित रखा गया। विगत दिवस जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री की मौजूदगी में आयोजित प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम में दिए प्रस्तुतिकरण में रिवर राफ्टिंग खेल को प्रस्ताविक गतिविधियों में शामिल होना बताया गया और तब यह जानकारीआम लोगों तक पहुंच सकी और जब तक जानकारी सामने आयी तब तक इसे वहां जारी कामों के चलते फिलहाल बंद भी कर दिया गया है। पर्यटन विभाग के अनुसार घाटों पर जारी निर्माण कार्यों के पूरा होते ही यह रोमांच भरा सफर पर्यटकों के लिए आरंभ हो जाएगा।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पर्यटन विभाग ने भेड़ाघाट में नर्मदा नदी पर रिवर राफ्टिंग शुरू करने के पूर्व कई सर्वे किए। इस दौरान 5 और 8 किमी का सफर रिवर राफ्टिंग के जरिए पूरा करने के लिए सुरक्षा के भी खास इंतजाम किए गए। रिवर राफ्टिंग की शुरूआत पंचवटी से बंदरघाट तक की है। इसमें 5 से 6 रैपिट यानी तेज लहरों के स्थल आते हैं,जिससे पर्यटकों का रोमांच और दोगुना हो जाता है। रिवर राफ्टिंग की नाव में अधिकतम छह लोग सफर कर सकते हैं। एक सफर का शुल्क 2500 रुपये रखा गया है, जो पर्यटकों को ज्यादा लग रहा है। रिवर राफ्टिंग के सफर को बीच में रोका जा सकता है। इसकी वजह सरस्वती घाट और इसके आसपास चल रहे निर्माण कार्य हैं। इन निर्माणों की वजह से रिवर राफ्टिंग का सफर करने वाले पर्यटकों की परेशान न बढ़े और उनकी सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही न हो, इसे वजह से इसे बंद किया जाएगा और निर्माण कार्य पूरे होने के बाद इसका उद्घाटन कर इसे फिर शुरू करने की योजना है। पर्यटन निगम के अध्यक्ष विनोद गोंटिया के मुताबिक नर्मदा के घाटों में चल रहे निर्माण कार्य पूरे होने के बाद रिवर राफ्टिंग शुरू की जाएगी। इससे भेड़ाघाट आने वाले पर्यटकों को एक रोमांच भरा सफर कराया जाएगा। इसके अलावा भेड़ाघाट में सफारी और जू जोन बनाने की योजना है। साथ ही इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए टेंट सिटी भी बनेगी।

# सरकार के आदेश को दिलेरी से ठेंगा दिखा रहे निजी स्कूले वाले



## निर्देश के बाद भी तीन वर्षो को लेखा, पुस्तकें, यूनिफार्म आदि की जानकारियां पोर्टल पर नहीं की अपलोड

**जबलपुर यशभारत। नया शिक्षण सत्र शुरू हो गया और मनाही के बाद भी अधिकांश निजी स्कूलों के द्वारा अभिभावकों से मनमानी फीस तो वसूली ही जा रही है साथ ही यूनिफार्म, काफी-किताब तय दुकान से लेने बाध्य किया जा रहा है। मुश्किल यह है कि अभिभावक स्कूलों की लूट-खसोट की शिकायत तो करना चाहते है लेकिन कई अभिभावक इसलिए ऐसा करने से बचते है कि कहीं उनके बच्चे का रिजल्ट न स्कूल वाले बिगाड़ दें।**

वहीं जो अभिभावक हिम्मत करके शिकायत करते भी है तो निजी स्कूल वालों की पहुंच के कारण उन पर कार्यवाही नहीं की जाती जिससे निजी स्कूल वालों के हौसले बढ़ते जा रहे है। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि यंहा के जनप्रतिनिधि भी कभी निजी स्कूल वालों द्वारा की जा रही मनमानी को लेकर आवाज नहीं उठाते। यदि जनप्रतिनिधि चाहे तो प्रशासन पर दबाव बनाकर निजी स्कूल वालों की मनमानी और लूट पर अंकुश लगवा सकते है लेकिन सेटिंग के कारण वे भी निजी स्कूल वालों से संबंध निभा रहे है। चाहे भाजपा के जनप्रतिनिधि हो या कांग्रेस के अभिभावकों के हक के लिए खड़े नहीं होने के कारण उन पर लोग उंगली जरूर उठा रहे है। चाहे शिक्षा विभाग हो या जिला प्रशासन सिर्फ निजी स्कूलों की मनमानी रोकने दावे जरूर करते है लेकिन हकीकत में कोई ठोस कार्यवाही नहीं करते।

लेट फीस के नाम पर भी काट रहे जेब अधिकांश निजी स्कूल वाल अभिभावकों की जेब काटने मनमानी फीस तो वसूलते ही है साथ ही लेट फीस के नाम पर भी अच्छा खासा पैसा काट लेते है। कई निजी स्कूल वाले तो प्रतिदिनि के हिसाब से पैनाल्टी ठोंकते है। अभिभावको को भी प्रशासन की खामोशी के कारण मजबूरी में खामोश रहना पड़ता है।

### ट्यूशन के लिये भी दबाव बनाते है

कई निजी स्कूल वाले अभिभावकों को बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने दबाव बनाते है। पहले तो वे कहते है कि बच्चे को ट्यूशन पढ़ायो बच्चा पढ़ाई में कमजोर है फिर मासूमियत से कहते है कि वे भी ट्यूशन पढ़ाते है यदि अभिभावक चाहे तो बच्चे को घर भेज दें ट्यूशन पढ़ा देंगे फिर बच्चे का रिजल्ट देखना। बच्चे के अच्छे रिजेल्ट के चक्कर में कई अभिभावक बच्चे को स्कूल के शिक्षक से ट्यूशन पढ़ाने लगते है। सवाल यह उठता है कि क्या निजी स्कूल वाले सिर्फ फीस लेने के लिए ही स्कूल खोले बैठे है। यदि उनके यंहा पढ़ाई पर ध्यान दिया जाता है तो फिर बच्चे को ट्यूशन पढ़ाने की जरूरत ही क्या।

### फीस की संरचना, तीन वर्षो को लेख तक अपलोड नहीं

दो दिसंबर 2020 को राज्य सरकार द्वारा जारी नियमों के तहत निजी स्कूलों को पोर्टल पर फीस संरचना, तीन वर्षो का लेखा, पुस्तकें, यूनिफार्म, स्कूल बस आदि की जानकारियां अपलोड करना अनिवार्य है किंतु प्रदेश में बहुतांश निजी स्कूलों ने नियमों की अनदेखी कर अभिभावकों को अंधेरे में रखा है। लोक शिक्षण संचालनालय ने भी जबरदस्त लापरवाही बरती है क्योंकि उसका स्वयं का पोर्टल महीनों से बंद पड़ा है। नियम तीन के तहत निजी स्कूलों को 90 दिनों के भीतर सभी प्रारंभिक तथा संपरीक्षित लेखों की जानकारी देना है। प्रस्तावना संरचना में वृध्दि दस प्रतिशत या उससे कम है इसकी जानकारी सत्र शुरू होने के पूर्व में देना है। नियम के 6 के तहत पुस्तकें, यूनिफार्म, स्कूल बस आदि संबंधी प्रावधानों का पालन किया जायेगा, ऐसा वचन पत्र पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इस संबंध में नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ पी जी नाजपांडे ने संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र भेजकर सात दिन के भीतर आवश्यक कदम उठाने का निवेदन किया है। श्री नाजपांडे का कहना है कि इस पूरे मामले में या तो सांठगांठ है या लापरवाही है।

## भ्रष्टाचार के आरोप से भड़के जेडीए सीईओ लगा रहे अब निराधार आरोपः सौरभ शर्मा

**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कांग्रेस नेता मनोज नामदेव पर लगाए आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। प्राधिकरण को किसी भी प्रकार का रजिस्ट्री कराने का अधिकार नहीं है उन्हें सिर्फ पक्षकारों के दस्तावेज पक्षकारों को देने के अधिकार है। पक्षकार पूर्णतः स्वतंत्र है और उसे अधिकार है कि वे अपनी रजिस्ट्री दस्तावेज किसी भी सर्विस प्रोवाइडर से कराएं। मप्र कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सौरभ नाटी शर्मा ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि प्राधिकरण के सीओ प्रशांत श्रीवास्तव और कर्मचारियों द्वारा जो आरोप कथन दिए गए हैं कि सारी रजिस्ट्रियां मनोज नामदेव के भाई प्रमोद से कराईं जाएं, यह आरोप बिल्कुल गलत है। सौरभ शर्मा के अनुसार जेडीई सीओ और वहां के कर्मचारी भ्रष्टाचार के आरोपों से भड़क उठे हैं। और अब कुछ भी बोल रहे हैं। सौरभ नाटी शर्मा के अनुसार कांग्रेस द्वारा जेडीए में हो रही प्रतिदिन के क्रियाकलापों पर एक गुप्त टीम द्वारा नजर रखी जाएगी। इस दौरान कांग्रेस की टीम जेडीए में हो रही भ्रष्टाचारी को सभी के सामने लाएगी।

# पमरे महाप्रबंधक ने रेलवे स्टेशन का किया सघन निरीक्षण

**नए विकास कार्य को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश**



**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर रेलवे स्टेशन के विकास हेतु किए जाने वाले कार्य तथा यात्री सुविधाओं के उन्नयन के लिए नवीनतम सुविधाओं हेतु जबलपुर स्टेशन का शुक्रवार को महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा निरीक्षण किया गया ।इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री गुप्ता के साथ पश्चिम मध्य रेल के मुख्य अभियंता ए के पांडे, मुख्य प्रोजेक्ट मैनेजर एसके सिंह मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील एवं रेलवे के अधिकारी सर्व दीपक कुमार गुप्ता,विश्वरंजन, जेपी सिंह, विराट गुप्ता, संजय मनोरिया, डॉ. मधुर वर्मा राहुल जयपुरियार, पी के श्रीवास्तव, मृत्युंजय कुमार तथा सहायक वाणिज्य प्रबंधक नितेश सोने पंकज दुबे, गुन्नार सिंह आदि भी उपस्थित थे। इस अवसर पर निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने प्लेटफार्म क्रमांक 1 के प्रवेश द्वार से अवलोकन प्रारंभ किया तथा वर्तमान स्टेशन के नक्शे को देख कर उस पर अधिकारियों से चर्चा की। श्री गुप्ता ने स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हाल, पार्सल कार्यालय को देखा तथा नए विकास कार्य किए जाने के संबंध में रेल अधिकारियों को निर्देशित किया। प्लेटफार्म क्रमांक 1 के उपरांत श्री गुप्ता एस्केलेटर से प्लेटफार्म क्रमांक 6 पर पंहुचे वहां के सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण किया और यहां पर किए जाने वाले विकास कार्यों पर चर्चा की । उन्होंने रेलवे के पार्किंग स्थल तथा सर्कुलेटिंग एरिया के अन्य कार्यालयों की जानकारी ली।

## सेवानिवृत रेलवे स्टाफ को 12 करोड़ 49 लाख रूपये का भुगतान

जबलपुर यशभारत। जबलपुर रेल मंडल में कार्यरत 1 रेल अधिकारी एवं 25 रेल सेवको को आवश्यक रेल सेवा पूर्ण करने पर सामान्य सेवा निवृति प्रदान की गयी. मंडल की सेवा से निवृत होने वाले रेल कर्मचारियों के अंतिम भुगतान हेतु डी.आर.एम. विवेक शील के निर्देशानुसार अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) अरविंद पांडेय,सहायक मंडल वित्त प्रबंधक प्रशांत कुमार अहिरवार द्वारा सभी सेवानिवृत हो रहे स्टाफ को 12 करोड़ 49 लाख रूपये का भुगतान एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से किया गया एवं सभी रेल कर्मचारियों को सेवानिवृति से सबंधित दस्तावेज तथा गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मैडल प्रदान किये गए. इस अवसर पर श्री गुप्ता ने बिदा लेते सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता प्रेमपाल सिंह सहित रेल कर्मचारी मनोज कुमार शर्मा, मुख्य टिकिट निरीक्षक, प्रणेश कुमार पांडये मुख्य टिकिट निरीक्षक, के सेवा की सराहना की एवं रमेश कुमार वर्मा भुवनेश्वर कुमार डाबर श्री मैनेजर को 2 लाख 39 हजार 216 रूपए रेल सेवा के दौरान दुर्घटना रहित सेवा पुरुस्कार से सम्मानित किया गया. अन्य कर्मचारीयों को उनके स्वस्थ एवं दीघ्र जीवन की कामना की. सेवानिवृति समारोह के उपरांत बिदा लेते सभी रेलवे स्टाफ को उनके परिजनों द्वारा ढोल बजाकर एवं मालाये पहनाकर ख़ुशी ख़ुशी अपने साथ ले गए/



# 21 लाख के खाद्य तेल की अभी तक क्यों नहीं हुई जप्ती ?

**कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष ने गृहमंत्री को शिकायत पत्र देकर की कार्यवाही की मांग**

जबलपुर,यशभारत। सर्किट हाउस में शुक्रवार को प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का आगमन हुआ जहां उन्होनें जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव ने गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को एक आवेदन दिया और मांग की कि जबलपुर के खाद्य व्यापारी के खिलाफ कार्यवाही की जाए। दिनेश यादव ने गृहमंत्री को बताया कि करीब 3 साल पहले कोरोना काल के दौरान जबलपुर के खाद्य व्यापारी अखिल ट्रेडर्स ने प्रशासन के कहने पर दमोह से करीब 21 लाख रुपए का खाद्य तेल मंगाया था। यह तेल जिस वाहन में जाता है वह वाहन विदिशा के तोंदा क्षेत्र में शातिर लोगों के द्वारा रोका जाता है और पूरा 21 लाख का खाद् तेल चोरी कर लिया जाता है। इसके बाद खाली ट्रक में आग लगाकर थाने में आगजनी का केस बनवा दिया जाता है। लेकिन आज तक 21 लाख के खाद्य तेल की जप्ती नहीं की गई है। पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने गृहमंत्री से इसी 21 लाख के खाद्य तेल की जप्ती और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। दिनेश यादव का कहना है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संरक्षण में ही यह जालसाजी हुई है। इसलिए आज तक इस प्रकरण में कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

## अधिवक्ता पी आर मिश्रा का निधन, विवेक तन्खा ने शोक जताया

जबलपुर, यश भारत। टैक्स अधिवक्ता पी आर मिश्रा का आकस्मिक निधन हो गया है जिससे न्याय जगत को क्षति पहुंची है। संसद सदस्य और पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया, पूर्व महाधिवक्ता विवेक कृष्ण तंखा ने शोक व्यक्त किया है और उनके परिवार को सांत्वना दी है।

# समाज के सभी वर्गों के बीच एकलधारा को मजबूत करने बैठक संपन्न




**जबलपुर,यशभारत।** एकल अभियान, ग्राम स्वराज मंच की प्रादेशिक बैठक का आयोजन संजय जैन के प्रज्ञा मंडपम में संपन्न की गई। जिसमें ग्राम स्वराज मंच के केंद्रीय प्रमुख राघवेंद्र सैनी द्वारा ग्राम स्वराज मंच मतदाता जागरुकता प्रशिक्षण के बारे मे बताया गया। इस दौरान आगामी चुनावों को ध्यान में रखकर पूरे एक वर्ष की विस्तृत योजना बनाई गई। समाज के सभी वर्ग के बीच एकल विचार धारा को कैसे मजबूती प्रदान की जाए इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वर्तमान चुनौतियों को ध्यान में रखकर हमे सफलता प्राप्त करनी हैं , इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर यह बैठक महत्वपूर्ण रही। इस प्रशिक्षण में मध्य भारत व महाकौशल संभाग के प्रमुख कार्यकर्ताओं को बुलाकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 31 की कुल संख्या रही। प्रशिक्षण में प्रभाग समिति से अतुल शाह , प्रभाग अध्यक्ष, सुबोद जैन प्रभाग सचिव, संजय जैन प्रभाग ग्राम स्वराज मंच प्रभारी, नवनीत कर्मा केंद्रीय प्रमुख प्रशिक्षण केंद्र प्रमुख, धीरेंद्र हिरने, रामेश्वर दयाल प्रभाग उपस्थित रहे।

## पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की पदोन्नति एवं वेतनवृद्धि में व्याप्त हैं ढ़ेरों विसंगतियां : युवा कांग्रेस

**मुख्यमंत्री के नाम संभागायुक्त कार्यालय में सौंपा ज्ञापन**



**जबलपुर,यशभारत।** पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदोन्नति एवं वेतनवृद्धि में व्याप्त विसंगति के ख़िलाफ़ शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने संभागायुक्त कार्यालय में प्रदेश सचिव रिज़वान अली कोटी के नेतृत्व में अधीक्षक सी.आर. मार्टिन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से युवा कांग्रेस के रिज़वान अली कोटी ने कहा है कि लंबे समय बाद पुलिस विभाग में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी किए गए थे, पदोन्नति आदेश पाकर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ख़ुश हुए, पर उनकी ये खुशी मात्र क्षणिक थी, क्योंकि शासन ने उनके पदोन्नति आदेश तो जारी किए पर उनके वेतन में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं कि गई। इस दौरान संगठन के बादल पंजवानी, ज़फ़र खान, अदनान अंसारी, मोहम्मद अली, ऐजाज़ अंसारी, लतीफ़ अंसारी, सैफ़ मंसूरी, वाज़िद क़ादरी आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों के द्वारा नुक्कड़ नाटक करके नशा मुक्ति का दिया संदेश

**जबलपुर,यशभारत।** मॉनिटरिंग कार्य सी एम फैलो आयुष पांडा जी के नेतृत्व में जन सेवा मित्र दीपक मेहरा के द्वारा ब्लॉक नरसिंहपुर, ग्राम पंचायत रानी पिपरिया में नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक किया गया। उक्त आयोजन मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत नियुक्त मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों के द्वारा किया गया है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को नशा छोड़ने के प्रति समझाया गया और नशे के प्रति नुकसान बताये गये। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. अंजना त्रिपाठी , डॉ. धनंजय , ग्राम के सरपंच, सचिव व ग्राम के ग्रामवासी उपस्थित रहे। नुक्कड़ नाटक का मंचन करने में मुखयमंत्री जनसेवा मित्र दीपक मेहरा, संजीव चौधरी, शुभम चौरसिया, दीनदयाल मेहरा, रितु परसवार, ऐश्वर्या यादव, आरती रैकवार, अर्पणा शर्मा, रितु तिवारी की भूमिका रही।

# जैविक खेती और नेचुरल रिसोर्स को अपनाकर बढ़ाएं रोजगार के अवसरः प्रो. कपिल देव मिश्र

**जबलपुर,यशभारत।** मिशन फ़ॉर रिसायकल ऑफ वेस्ट मटेरियल एंड यूज़ थीम पर नवीन उर्जा बॉयोगैस विकास एवं खाद प्रशिक्षण और प्रबंधन विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन सत्र का आयोजन विश्वविद्यालय व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान, रा.दु.वि.वि.,जबलपुर में संपन्न हुआ। इस मौके पर आरडीवीवी के कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कुलपति ने कहा कि आज की समसामयिक समस्याओं का सम्यक समाधान जैविक खेती एवं नेचुरल रिसोर्स से संभव है, इसमें रोजगार की भी अनंत संभावनाए हैं। वहीं मुख्य अतिथि डॉ प्रदीप दुबे, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज युवाओ में बॉयोगैस से बिजली उत्पादन, वेस्ट मैनेजमेंट, नेचुरल रिसोर्स का उपयोग के प्रति जागरूकता को बढ़ाना होगा क्योंकि प्रकृति का दोहन ही नही संरक्षण एवं संवर्धन से ही अब विकास संभव होगा।

### इनकी रही सक्रिय सहभागिता

प्रशिक्षण कार्यशाला में कुल 250 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से पंजीयन किया था। जिसमे से 142 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता कर के सहभागिता के प्रमाण पत्र प्राप्त किये। डॉ. अजय मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं डॉ मीनल दुबे ने संचालन किया। कार्यशाला में ई. महावीर त्रिपाठी, डॉ सुनील चौधरी, सम्राट बोस, श्रुति राम, प्रियंका सिंह, स्वाति राय, नंद यादव, सविता पठारीया, शौर्य शुक्ला,वॉलेट एंथोनी, नेहा वालरे, समस्त छात्र- छत्राये एवं प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता रही।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड- नरसिंहपुर (म.प्र.) निविदा आमंत्रण सूचना संक्षिप्त**

प्रकाशन क्र. 57/2023-24 — दिनांक : 25.04.2023

म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल, में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारो से निम्न कार्यों की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenderss.gov.in पर आमंत्रित हैं। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविष्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑन-लाइन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in ही देखे जा सकेंगे। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | निविदा सूचना क्र. दिनांक | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनु. लागत (रु. लाख में) | कुल अमानती राशि (रु. में) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | ऑन लाइन निविदा क्रय/ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 169/ 25.04.23 | 2023_PHED_ 269701_1 | Drilling of combination 350/150 mm dia & 60 mtr Gravelpacked 150 mm dia 60 mtr Deep ordianry Tubewell (Total 120 mtr depth) 100 nos bia combination rig for piped water supply schemes in various villages of of Dist- Narsinghpur. | 124.28 | 124228.00 | 12500/- | 08.05.2023 | 150 दिवस वर्षाऋतु सहित |
| 2 | 170/ 25.04.23 | 2023_PHED_ 269756_1 | Drilling of 200/150 mm dia and and 120 mtr Deep Ordinary T.W. in villages of block sailkheda and chichil nos 20 Dist- Narsinghpur. | 16.80 | 33600.00 | 2000/- | 08.05.2023 | 90 दिवस वर्षाऋतु सहित |
| 3 | 171/ 25.04.23 | 2023_PHED_ 269915_1 | Drilling of 20 nos 125/115 mm dia Ordinary Tube will, 120 mtr. Deep in Various Villagesin in Block narsinghpur and gotegaon of Narsinghpur District | 15.60 | 31200.00 | 2000/- | 08.05.2023 | 120 दिवस वर्षाऋतु सहित |
| 4 | 172/ 25.04.23 | 2023_PHED_ 270017_1 | Drilling of 20 nos 125/115 mm dia Ordinary Tube will, 120 mtr. Deep in Various Villagesin in Block Kareli & Chawarpatha of narsinghpur District | 15.60 | 31200.00 | 2000/- | 08.05.2023 | 120 दिवस वर्षाऋतु सहित |
| 5 | 173/ 25.04.23 | 2023_PHED_ 270091_1 | Drilling of 17 nos 350/150 mm dia Gravelpacked Tube well, 75 mtr. Deep under jal jeevan mission in various villages of Block-Gotegaon in narsinghpur District | 18.02 | 36040.00 | 2000/- | 08.05.2023 | 120 दिवस वर्षाऋतु सहित |
| 6 | 173/ 25.04.23 | 2023_PHED_ 270092_1 | Drilling of 350/150 mm dia and 75 mtr. Deep T.W. under jal jeevan mission in various villages of Block-Kareli and Chawarpatha Narsinghpur District Number of Tube wells-17 Type of wells - Gravel packed" | 18.02 | 36040.00 | 2000/- | 08.05.2023 | 120 दिवस वर्षाऋतु सहित |
| 7 | 173/ 25.04.23 | 2023_PHED_ 270093_1 | Drilling of 350/150 mm dia and 75 mtr. Deep T.W. under jal jeevan mission in various villages of Block-Saikheda and Chichali Narsinghpur District Number of Tube wells-17 Type of wells - Gravel packed" | 18.02 | 36040.00 | 2000/- | 08.05.2023 | 120 दिवस वर्षाऋतु सहित |

जी-12154/23 — कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-नरसिंहपुर

# भाजपा का अब भीड़ जुटाओ शक्ति दिखाओ अभियान

## सांसद-विधायकों को दी जिम्मेदारी

■ भोपाल, यशभारत।

भाजपा ने मिशन 2023 फतेह करने की तैयारी तेज कर दी है। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में दो बड़ी बैठकें हुई। इनमें चुनाव को देखते हुए संगठन ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की और सांसद, विधायक एवं जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिए। पार्टी ने कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। पार्टी का फोकस अब बूथ को मजबूत करने और पार्टी की सभाओं व रैलियों में भीड़ बढ़ाने और ताकत दिखाने पर रहेगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लाडली बहना योजना के तहत लगातार प्रदेश में कार्यक्रम कर रहे हैं। अब भाजपा ने आगामी कार्यक्रम में 4 से 14 मई तक बूथ विजय अभियान और केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर 15 मई से 15 जून तक विशेष अभियान चलाने की रणनीति बनाई है। 10 मई से जनसेवा अभियान का दूसरा चरण फिर शुरू किया जा रहा है। इसको लेकर पार्टी ने जनप्रतिधियों और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी अब कार्यक्रमों भीड़ जुटाकर शक्ति प्रदर्शन करेगी।




**मन की बात के 100 वें एपिसोड पर कार्यक्रम**

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 30 अप्रैल को 100 एपिसोड पूरे होने पर विधानसभा के 100 स्थानों और तीन बूथ के बीच एक पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में सामाजिक कार्यों में जुड़े लोगों, डॉक्टर, व्यापारी, वकील, उद्यमियों को कार्यक्रम में आमंत्रित करने और सम्मानित करने को भी कहा गया है। भाजपा की बैठक को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात के 100 एपिसोड पूरे होने पर पार्टी ने तैयारी की है।

### सीएम जनसेवा अभियान 10 मई से

सीएम जन सेवा अभियान का दूसरा चरण 10 मई से 25 मई तक चलेगा। इसमें जनता की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वहीं, वीडी शर्मा ने कहा कि 4 से 14 मई तक भाजपा बूथ विस्तार का महा अभियान चलाएगी। 51 फीसदी वोट शेयर के लिए बूथ एक्शन प्लान बनाया है। 30 अप्रैल को पीएम की मन की बात को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इसको लेकर सांसद, विधायक, मंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई है।

### नेताओं व कार्यकर्ताओं को साधने के निर्देश

वहीं, सांसद व विधायकों को पार्टी ने नाराज वरिष्ठ नेता से लेकर कार्यकर्ताओं तक को साधने को कहा गया है। बता दें, वरिष्ठ नेताओं की रिपोर्ट में कई कार्यकर्ताओं ने जनप्रतिनिधियों द्वारा उनको तवज्जो नहीं देने की शिकायत की थी।

## सात दिन में हटानी होगी कलियासोत में डाली गई मिट्टी और रिटेनिंग वाल

■ भोपाल, यशभारत।

कलियासोत नदी पर बनाए गए पुल के पास रिटेनिग वाल बनाने के नाम पर अनुमति लेकर कंस्ट्रक्शन कंपनी ने दूसरे स्थान पर न केवल नदी के किनारों को पाट दिया, बल्कि पक्की रिटेनिंग वाल भी बना दी। नदी के प्राकृतिक बहाव क्षेत्र को पूरने और दीवार बनाने की शिकायत पर कलेक्टर आशीष सिंह ने गुरुवार को कलियासोत नदी का निरीक्षण किया। मौके पर नदी नाले में बदली दिखी। इस पर उन्होंने जलसंसाधन विभाग को दोषियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने सात दिनों के अंदर दीवार तोड़कर पाटी गई मिट्टी हटाने के आदेश दिए हैं। जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों ने जांच रिपोर्ट में बताया कि कलियासोत नदी पर गुरुकुलम से जेके अस्पताल तक उच्चस्तरीय पुल की रिटेनिंग वाल बनाने की अनुमति भ्रामक तरीके से ली गई थी। यहां पर रिटेनिंग वाल का निर्माण पुल के स्थान की बजाए अन्य जगह पर कर दिया गया है। प्रशासन ने जीबी कंस्ट्रक्शन को सात दिन में कलियासोत नदी से मिट्टी और रिटेनिंग वाल हटाने के साथ ही प्रतिवेदन देने के लिए कहा है। वहीं कंस्ट्रक्शन से उसका पक्ष रखने के लिए कहा गया है ।



## पीएम मोदी पर मल्लिकार्जुन खरगे के विवादित बयान से भड़के नरोत्तम

■ भोपाल, यशभारत।

कनार्टक की एक चुनावी रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जहरीले सांप की तरह बताए जाने से उठा सियासी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। भले ही खरगे ने अपने बयान के लिए बाद में सफाई देते हुए खेद व्यक्त किया हो, लेकिन भाजपा नेता लगातार उनके खिलाफ हमलावर हैं। प्रदेश के गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने खरगे के इस बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वास्तव में कांग्रेस की मानसिकता, संस्कृति और विचारधारा ही जहरीली है। उन्होंने खरगे पर तंज कसते हुए कहा कि मैं हैरान हूं कि वो अपनी बातों में इतना ज़हर कहां से लाते हैं। क्या वो 10 जनपथ पर रिचार्ज कराने जाते हैं। गुजरात चुनाव हुए तो वहां बोल दिए। यहां चुनाव हुआ तो यहां बोल दिए।नरोत्तम मिश्रा ने आगे कहा कि दरअसल कांग्रेस की मानसिकता जहरीली है और इनकी संस्कृति भी जहरीली है। बोलने को लेकर ही राहुल गांधी को सजा हुई, बोलने को लेकर ही दिग्विजय सिंह पर आरोप तय हुए। ये जनाधारविहीन लोग हैं और चर्चाओं में रहने के लिए इस तरह के बयान देते रहते हैं। कांग्रेस की विचारधारा ही जहरीली होती जा रही है। अमृत महोत्सव और सुशासन के, गुड गवर्नेंस के जनक प्रधानमंत्री मोदी के लिए इस तरह की जहरीली बातें बोलना इनको शोभा नहीं देता।

**बोले- कांग्रेस की मानसिकता ही जहरीली**

## ईदगाह हिल्स के बाद टीला जमालपुरा केंद्र पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज

### लाड़ली बहनों संग गाया भजन

■ भोपाल, यशभारत।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज शुक्रवार को भोपाल में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत विभिन्?न हितग्राहियों से संवाद करने निकले हैं। वह विभिन्?न केंद्रों पर जाकर जाकर लाड़ली बहना योजना के पंजीयन कार्यों की प्रगति का जायजा ले रहे हैं । इसी सिलसिले में वह आज सुबह साढ़े दस बजे सबसे पहले योग केंद्र ईदगाह हिल्स के कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उनके साथ महापौर मालती राय, पूर्व महापौर आलोक शर्मा भी उनके साथ नजर आए । यहां पहुंचकर उन्होंने लाड़ली बहनों से संवाद किया और उन्हें योजना के लिए पंजीयन के बारे में भी समझाया। इसके बाद सीएम शिवराज करीब साढ़े ग्यारह बजे टीला जमालपुरा स्थित केंद्र में पहुंचे। यहां केंद्र पर काफी उत्साह का माहौल नजर आया। महिलाओं ने नाच-गाकर सीएम शिवराज का स्वागत किया। इस दौरान सीएम शिवराज भी लाड़ली बहनों के बीच जाकर बैठ गए और उनके साथ भजन गुनगुनाए। यहां के बाद सीएम शिवराज का बरखेड़ी रशीदिया स्कूल में जाने का कार्यक्रम है, जहां वह हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाएंगे। 12 बजे पंचशील नगर और साढ़े 12 बजे सुनहरी बाग जवाहर चौक वार्ड क्रमांक 32 पहुंचकर योजना की हितग्राही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से संवाद करेंगे।





## पुलिस हिरासत में मौत पर तत्कालीन टीआई समेत चार पुलिस कर्मियों पर एफआइआर दर्ज

**भोपाल,ईएमएस।** शहर के कटारा हिल्स थाना पुलिस की हिरासत में दुष्कर्म और छेड़खानी के आरोपित 25 वर्षीय राजकुमार उर्फ आरके परमार की चार साल पहले मौत हो गई थी। इस मामले की न्यायिक जांच के बाद कटारा हिल्स थाने के तत्कालीन टीआइ किशोरी लाल दांगी, प्रधान आरक्षक भानू प्रताप, प्रधान आरक्षक सुभाष त्यागी और आरक्षक राघवेंद्र पर एफआइआर दर्ज कर ली गई है। कटारा हिल्स थाना प्रभारी भान सिंह प्रजापति ने बताया कि 26 फरवरी 2019 को छेड़खानी और दुष्कर्म की धाराओं में आरोपित राजकुमार उर्फ आरके परमार को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे थाना कटारा हिल्स की हवालात में रखा गया था। इस दौरान उसने हवालात में कंबल में आग लगा ली थी। गंभीर हालत में उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए बंसल अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## दक्षिण अफ्रीका ने किया प्रोजेक्ट चीता का बचाव

# कहा- चीतों की मौत में कुछ असामान्य नही

■ भोपाल, यशभारत।

दक्षिण अफ्रीका सरकार ने भारत के प्रोजेक्ट चीता का समर्थन किया है। दक्षिण अफ्रीका के वन, मछली पालन और पर्यावरण विभाग ने कहा है कि मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में दो चीतों की मौत में कुछ भी असामान्य नहीं है। यह मौतें इस तरह के प्रोजेक्ट में अपेक्षित मृत्यु दर की सीमा में है। विभाग ने एक बयान जारी कर कहा कि सितंबर 2022 में नामीबिया से आठ चीते भारत भेजे गए थे। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका से भी 12 चीते कूनो भेजे गए। इनमें दो चीतों की मौत हुई हैं, जिनमें एक नामीबिया से गया और दूसरा दक्षिण अफ्रीका से गया चीता था। यह मौतें इस तरह के प्रोजेक्ट में अपेक्षित मृत्यु दर की सीमा में है। बड़े जानवरों को फिर से बसाने का प्रोजेक्ट बेहद जटिल होता है और उसमें कई तरह के जोखिम होते हैं। जैसे-जैसे चीतों को खुले जंगल में छोड़ा जाएगा, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों को काबू में रखना मुश्किल होता जाएगा। विभाग को चीता की मौत की ऑटोप्सी रिपोर्ट का इंतजार है लेकिन ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि चीतों में किसी तरह का संक्रमण हुआ है और अन्य चीतों को किसी तरह का खतरा है। विभाग ने यह भी कहा कि सभी 11 दक्षिण अफ्रीकी चीते बड़े बाड़े में हैं। दिन में दो बार उनकी करीबी निगरानी होती है। वह जंगली चीते हैं। इस वजह से उनके बर्ताव, हाल-चाल और शरीर की स्थिति पर कुछ दूरी से निगरानी होती है। ताकि उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हासिल की जाए। इन चीतों को अगले दो महीनों में खुले जंगल में छोड़ा जाएगा। कूनो नेशनल पार्क के खुले जंगल की फेंसिंग नहीं हुई है और यहां तेंदुएं, भेड़यि, भालू और लकड़बग्घे भी हैं। अफ्रीका में भी जब चीतों को फिर से बसाया गया तो देखा गया कि खुले जंगल में छोड़ने के एक साल के भीतर कई चीते मारे गए थे। कई चीते कूनो नेशनल पार्क की सीमा से बाहर भी निकलेंगे। उन्हें फिर से पकड़ा जाएगा तो तनाव में भी रहेंगे। एक बार चीतों को अपनी सीमा की पहचान हो जाए तो स्थिरता आएगी।



## युवतियों के प्रेग्नेंसी टेस्ट मामले की जांच राष्ट्रीय महिला आयोग करे : कमल नाथ

**भोपाल,यशभारत।** डिंडौरी जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में चिकित्सा परीक्षण के नाम पर कथित प्रेग्नेंसी टेस्ट कराने के मामले की जांच राष्ट्रीय महिला आयोग कराए। यह मांग पूर्व मुख्यमंत्री और मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा से पत्र लिखकर की है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने इस मामले को युवतियों के मौलिक अधिकारों का हनन और भारतीय संस्कृति के विरुद्ध बताया है।मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में बताया कि मध्य प्रदेश लंबे समय से महिलाओं के विरुद्ध अपराध में अव्वल है। उन्होंने कहा कि डिंडौरी में हुई इस घटना पर सरकार ने चुप्पी साध ली है और दोषियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कमल नाथ ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध हुए इस अपमानजनक और गैरकानूनी कृत्य की आयोग द्वारा उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई की जाए।



## बीफार्मा के छात्र ने तीसरी मंजिल से कूदकर दी जान

**भोपाल, यशभारत।** पिपलानी के पटेल नगर स्?थित अनिका छात्रावास की तीसरी मंजिल से फार्मेसी के छात्र 20 वर्षीय श्रेयश मिश्रा ने छलांग लगाकर जान दे दी। उसने किन कारणों से ऐसा कदम उठाया, उसके बारे में पुलिस जांच में जुटी है। शुरुआती जांच में छात्र के परीक्षा को लेकर तनाव में होने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक टीआइटी कालेज में बीफार्मा द्वितीय वर्ष का छात्र था। पिपलानी थाने के एसआइ रामराज ने बताया कि श्रेयश मिश्रा मूलत- कटनी जिले के दुबे कालोनी का रहने वाला था। उसके पिता ट्रांसपोर्टर हैं और वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। गुरुवार को छात्रावास की तीसरी मंजिल पर मैस बनी हुई है, जहां श्रेयश काफी देर तक खड़ा रहा। फिर अचानक उसने वहां से नीचे छलांग लगा दी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। एसआइ रामराज ने बताया कि मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इस वजह से फिलहाल खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। शुरूआती जांच में उसके परीक्षा को लेकर तनाव की बात सामने आ रही है। उसके मोबाइल को जब्त कर उसकी जांच की जा रही है। उसकी काल डिटेल भी निकलवाई जा रही है, ताकि यह पता लग सके कि वह किन लोगों से संपर्क में था। उसने किन-किन लोगों से आखरी वक्त में बात की। उसके आधार पर जांच आगे बढ़ेगी। मृतक के स्वजन घटना की जानकारी लगने के बाद भोपाल आ गए हैं। उनके बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।

## काटजू अस्पताल के अधीक्षक पर महिला चिकित्सक ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी के कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में अधीक्षक और डाक्टरों के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां पर पदस्थ क्लास वन अधिकारी डा जरीना खान ने अस्पताल अधीक्षक पीके सिंह कर्नल पर मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। डा. खान ने अपनी समस्याओं को लेकर अधीक्षक के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों को भी लिखित में शिकायती आवेदन देने के अलावा सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई है।उनका आरोप है कि अस्पताल अधीक्षक डा. पीके सिंह कर्नल आए दिन उनके साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। शिकायत करने पर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

# आनलाइन जुआ, सट्टा या गेम पर होगी तीन साल की सजा और दस लाख रुपये तक का जुर्माना

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश सरकार जल्द ही सार्वजनिक द्रुत अधिनियम 2023 लागू करेगी। इसमें आनलाइन जुआ, सट्टा या गेम पर तीन साल की सजा, दस लाख रुपये तक जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। बार-बार अपराध करने पर दंड में वृद्धि होगी।

अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह डा.राजेश राजोरा की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स ने गुरुवार को मंत्रालय में बैठक कर नवीन अधिनियम का प्रारूप तैयार किया। इसे लेकर अंतिम दौर की बैठक चार मई को होगी और फिर प्रारूप को अनुशंसा के साथ सरकार को सौंप दिया जाएगा। प्रदेश में आनलाइन गैंबलिंग की रोकथाम और नियंत्रण के लिए नया कानून बनाने की तैयारी काफी समय से की जा रही है। इसके लिए सरकार ने विभिन्न न्यायालयों द्वारा दिए निर्देश, वैधानिक स्थिति और तकनीकी पहलुओं का परीक्षण करके अनुशंसा करने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया था।इसने तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक सहित राज्यों के कानूनों का अध्ययन करके प्रारूप तैयार कर लिया है। सूत्रों का कहना है कि इसमें उन्हीं गेम्स को शामिल करना प्रस्तावित किया गया, जिसमें पैसा लगाया जाता है। साथ ही जो भी इन खेलों का विज्ञापन किसी भी माध्यम से करते हैं, उन्हें भी कानून के दायरे में लाना प्रस्तावित किया है।

आनलाइन जुआ, सट्टा या गेम पर तीन साल की सजा, दस लाख रुपये तक जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। बार-बार अपराध करने पर दंड में वृद्धि होगी। एक अधिकरण बनाया जाएगा, जो निगरानी का काम करेगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में सार्वजनिक द्रुत अधिनियम 1876 लागू है। अब परिस्थितियां काफी बदल चुकी हैं। टास्क फोर्स चार मई को अंतिम बैठक करने के बाद अपनी अनुशंसा 15 मई तक सरकार को सौंप देगी।



## दिव्यांगजन कोटे में चयनित 755 पदों में से 450 का चयन अकेले मुरैना जिले से

### आयुक्त नि :शक्तजन कल्याण संदीप रजक ने लिया संज्ञान

**भोपाल, यशभारत।** आयुक्त निःशक्तजन कल्याण संदीप रजक ने समाचार-पत्र में प्रकाशित समाचार च्संविदा शिक्षक वर्ग-3 की सूची जारी, विकलांग कोटे से 755 पदों में से अकेले मुरैना के 450 अभ्यर्थियों का चयनज्ज पर संज्ञान लेते हुए आयुक्त लोक शिक्षण और आयुक्त जनजातीय कार्य को पत्र जारी किया है। श्री रजक ने कहा कि 755 पदों पर दिव्यांगजन का चयन हुआ है। इसमें से अकेले मुरैना जिले से 450 दिव्यांगजन चयनित हुए हैं, जो काफी गंभीर है। श्री रजक ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 में दोनों आयुक्तों को अपने विभाग के दिव्यांगता श्रेणी में चयनित दिव्यांग अभ्यर्थियों/शिक्षकों की सूची 15 दिन के भीतर न्यायालय आयुक्त नि-शक्तजन मध्यप्रदेश को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। पत्र में कहा गया है कि मध्यप्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षणिक संवर्ग) सेवा शर्तें एवं भर्ती नियम के अनुसार कर्मचारी चयन मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा प्राथमिक शिक्षक पद के लिये पात्रता परीक्षा परिणाम के आधार पर जारी विज्ञापन के अनुक्रम में दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित 1086 पदों में से 755 पदों पर विभिन्न दिव्यांगजन का चयन हुआ है। इनमें से 450 दिव्यांगजन अकेले मुरैना जिले से हैं।



## छह क्विंटल लकड़ी से पकी 3700 किलो खिचड़ी

# 15 हजार श्रद्धालुओं को बांटी गई

■ भोपाल, यशभारत।

**शहर के उपनगर भेल अवधपुरी आधारशिला श्री सांई मंदिर प्रांगण में छह क्विंटल लकड़ी में 3700 किलोग्राम यानि 37 क्विंटल खिचड़ी बनाने का अनोखा रिकार्ड बनाया गया। खिचड़ी को 2400 किलो वजनी लोहे की हांडी में पकाया गया। सुबह 11 बजे से खिचड़ी बननी शुरू हुई,जो पांच घंटे शाम चार बजे तक बनी। इसके बाद प्रसाद के रूप में 15 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं को खिचड़ी बांटी गई।**

खिचड़ी बांटने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। प्रसाद लेने के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। इस रिकार्ड को देखने के लिए दूर-दूर से लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। खिचड़ी में तीन क्विंटल 80 किलो सब्जी, 350 किलो चावल और 60 किलो दाल सहित अन्य सामग्री का प्रयोग किया गया है। इसमें पांच लाख रुपए का खर्च आया। खिच?ी बनने, उसे तौलने और फिर श्रद्धालुओं में बांटने तक की वीडियोग्राफी हुई है। इससे गिनीज बुक अफ वर्ल्ड रिकार्ड के लिए भेजा जा सके।

3700 किलो खिचड़ी पकाने का यह आयोजन गुरुवार को भोपाल के अवधपुरी क्षेत्र के साईबाबा मंदिर में हुआ। आयोजक रमेश कुमार महाजन मंदिर में संस्थापक है। वे भेल में 37 साल की नौकरी करने के बाद 24 अप्रैल को टेक्नीशियन ग्रेड-एक पद से सेवानिवृत हुए हैं। उन्होंने 3700 किलोग्राम खिचड़ी बनवाने का संकल्प लिया। जिसे 27 अप्रैल गुरुवार को पूरा किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके दुबे, भोजराज सिंह धाकड़, नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर गुणवंत सेवतकर, एनसीसी कमांडेंट योगेशकुमार सिंह, पशुपालन विभाग के एडिशनल डिप्टी डायरेक्टर भगवानदास मंगलानी और एनएचडीसी महाप्रबंधक पीके सक्सेना मौजूद रहे। अफसरों के सामने खिचड़ी का वजन और उसकी गुणवत्ता प्रमाणित की गई।श्रद्धालु और सहायक सदस्य कमलेश नागपुरे और पुष्पराज रघुवंशी ने बताया कि बुधवार रात से खिचड़ी पकाने को लेकर तैयारी शुरू कर दी थी। गुरुवार सुबह तैयारी पूरी कर ली गई। सुबह 11 बजे से खिचड़ी पकाने का काम शुरू कर दिया गया, जो शाम चार बजे से पहले पूरा हो गया। इसके बाद विशेषज्ञों की टीम के सामने खिचड़ी का वजन और गुणवत्ता की जांच की गई। पूरे आयोजन की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई, जो गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड के लिए भेजी जाएगी।





# स्वास्थ्य के लिए बेस्ट है मटके का पानी

**पनागर, यशभारत।** जब तक फिज नहीं था तब तक लोग मटके का पानी ही पीते थे। लेकिन अब लोग हर सीजन में फिज का पानी पीते हैं जो कि सेहत के लिए सही नहीं माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि मटके के पानी पीने से सेहत में प्रतिकूल असर पड़ता है।गर्मियों के इस मौसम में मटके का पानी आपको फ्रेश व हेल्दी रखने में बहुत उपयोगी है। मटके के पानी को अमृत सामान कहा गया है, माना जाता है कि इसका पानी पीने वाले कभी बीमार नहीं पड़ते हैं। कुछ समय पहले की ओर जब हम देखते हैं तो पाते हैं कि उस समय लोगों के घरों में फिज नहीं हुआ करते थे, इसलिए सभी लोग ठंडे पानी के लिए मटके अथवा सुराही का उपयोग किया करते थे, पर समय बदला और वर्तमान में बहुत ज्यादा लोग अपने घर में फिज रखने लगे। आज के समय में फिज घर के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बन चुका है, पर बहुत कम लोग जानते हैं कि मटके के पानी को पीने के जितने लाभ हैं, उतने किसी अन्य उपकरण से ठंडे हुए पानी के नही है इसलिए आज हम आपको मटके यानी घड़े के शीतल जल को पीने के लाभ यहां बता रहे है,तो आइये जानते है मटके के पानी के लाभ।गले के लिए फायदेमंद यदि आप गर्मी के - समय कहीं बाहर से आकर फिज का पानी पीते हैं, तो वह आपको हानि पहुंचता है और यह हानि आपके गले के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक होती है, पर यदि आप मटके का पानी पीते हैं तो यह आपको कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है,बल्कि यह आपके गले पर नर्म प्रभाव छोड़ता है। इसलिए आपको घड़े का ही पानी पीना चाहिए। इम्युन सिस्टम को मजबूत करना- यदि आप प्लास्टिक की बोतल में कई घंटे पानी रखती हैं, तो पानी में प्लास्टिक के गुण आ जाते हैं। इसी प्रकार से मटके के पानी में मिट्टी के गुण आ जाते है, इसलिए ही मटके का पानी आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है।

एसिडिटी को करता है दूर- मटके का पानी आपके पेट की एसिडिटी में भी बहुत लाभदायक होता है। असल में मिट्टी के घड़े के पानी में क्षारीय गुण पाए जाते हैं और यह पानी अम्लता के साथ प्रभावित होकर सही पीएच मान संतुलित करता है जिसके कारण आपको एसिडिटी की शिकायत नहीं होती।

गर्भवती महिलाओं के लिए लाभदायक- मटके का पानी गर्भवती महिलाओं को जरूर पीना चाहिए, क्योंकि यह उनके लिए बहुत लाभदायक होता है। साथ ही इसमें एक अलग ही सौंधापन होता है, जिसके कारण महिलाओं का मन गर्भकाल में सही रहता है।

# श्रीकृष्ण ने चावल खाकर सुदामा की दरिद्रता दूर की: शिवकांती तिवारी





**गोसलपुर, यशभारत।** ग्राम बरगी मुहला बड़ी मढ़िया में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में अंतिम दिवस श्रीकृष्ण सुदामा प्रसंग पर श्रीकृष्ण-सुदामा पात्र की झांकी का मंचन से श्रोता व दर्शक भावविभोर हो झूम उठे।कथावाचक पूज्य दीदी शिवकांती तिवारी ने श्रीकृष्ण-सुदामा की आदर्श मित्रता की कथा सुनाते हुए कहा कि सुदामा से परमात्मा ने मित्रता का धर्म निभाया। राजा के मित्र राजा होते हैं रंक नहीं, पर परमात्मा ने कहा कि मेरे भक्त जिसके पास प्रेम धन है वह निर्धन नहीं हो सकता। कृष्ण और सुदामा दो मित्र का मिलन ही नहीं जीव व ईश्वर तथा भक्त और भगवान का मिलन था।आज मनुष्य को ऐसा ही आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। कथावाचक शिवकांति तिवारी ने आगे कहा कि कृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता आज कहां है। यही कारण है कि आज भी सच्ची मित्रता के लिए कृष्ण-सुदामा की मित्रता का उदाहरण दिया जाता है। द्वारपाल के मुख से पूछत दीनदयाल के धाम, बतावत आपन नाम सुदामा, सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने पहुंच गए। लोग समझ नहीं पाए कि आखिर सुदामा में क्या खासियत है कि भगवान खुद ही उनके स्वागत में दौड़ पड़े। श्रीकृष्ण ने स्वयं सिंहासन पर बैठाकर सुदामा के पांव पखारे। कृष्ण-सुदामा चरित्र प्रसंग पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। *दो मुट्ठी चावल खाकर श्रीकृष्ण ने दिया दो लोकों का राज्य- पौराणिक कथा प्रवचन में कथावाचक शिवकांति ने आगे बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने मित्र सुदामा से कहा कि भाभी ने मुझे कुछ जरूर भेजा होगा सुदामा पोटली में चावल लिए छुपा रहे थे किंतु श्रीकृष्ण ने उसे छीन लिया और कहते हैं एक मुट्ठी चावल खाया तो उन्हें एक लोक का और दूसरी मुट्ठी चावल खाने से दो लोक का राज्य मिल गया जैसे ही तीसरी मुट्ठी खाने लगे तो रुकमणी ने हाथ पकड़ लिया और कहने लगी यह प्रसाद हम लोगों को भी खाना है ।इस प्रकार श्रीकृष्ण ने मित्र सुदामा की दरिद्रता समाप्त कर दी। उन्होंने आगे कहा कि श्रीकृष्ण को सत्य के नाम से पुकारा गया। जहां सत्य हो वहीं भगवान का जन्म होता है। भगवान के गुणगान श्रवण करने से तृष्णा समाप्त हो जाती है। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण एवं सुदामा के सुसज्जित पात्रों का सजीव चित्रण वा मंचन भी किया गया।महिला मण्डल ने श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता के संगीतमय भजनों की सुमधुर प्रस्तुति की गई।जिससे श्रोता व दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे।भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा की नयनाभिराम झाँकी की आरती, मढिया में स्थापित प्रतिमाओं व श्रीमद्भागवत पुराण की आरती आयोजक जगतराम शर्मा, यज्ञाचार्य पंडित विनय तिवारी ने की।महिला मंडल द्वारा धार्मिक व मंगलमय भजनों के साथ की गई।

# लाड़ली बहना योजना में 11 सौ महिलाओं का हुआ पंजीयन, दिनभर लगी रही भीड़



**गोसलपुर, यशभारत। जनपद पंचायत सिहोरा की सबसे बड़ी कहे जाने वाली ग्राम पंचायत गोसलपुर में प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान द्वारा महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करने महिलाओं की आत्मनिर्भरता को बढाने साथ ही दिशा और दशा को बदलनेअभी तक की सबसे महत्वाकांक्षी महिला हितैषी लाडली बहना योजना के तहत ग्राम पंचायत गोसलपुर में युद्ध स्तर पर पात्र हितग्राही महिलाओं के आवेदन भरे जा रहे हैं ग्राम पंचायत गोसलपुर के सचिव प्रदीप यादव ने बताया की अभी तक लगभग 11 सौ महिलाओं के आवेदन पंजीबद्ध किए जा चुके है।**

ग्राम पंचायत कार्यालय में ही महिलाओं की ईकेवाईसी आवेदन को ऑनलाइन करना आधार अपडेशन जैसे अन्य कार्य किए जा रहे हैं जिससे महिलाओं को भटकना नहीं पड़ रहा है स्मरण रहे की इस महत्वाकांक्षी योजना की रोज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है उसी तारतम्य योजना का सफल क्रियान्वयन कराने में ग्राम पंचायत गोसलपुर की सरपंच श्रीमती गिरिजा जितेंद्र पालीवाल जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत पीसीओ सुनीता शर्मा उप सरपंच सुखदेव पटेल श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव अमित सिंह परिहार नरेश पटेल श्रीमती कमला तिवारी अजीम खान उमा साहू संध्या बर्मन आरती रजक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शकुंनतला ठाकुर माया झारिया शशीता खटीक पूनम कोरी अमित सोनी महेश दाहिया गोमती दाहिया वर्षा बर्मन प्रभा कोरी कपिल गर्ग कमलेश विश्वकर्मा मोहित तिवारी का सराहनीय योगदान देखने को मिल रहा है वही योजना प्रारंभ होते ही ग्राम पंचायत गोसलपुर के द्वारा ग्राम में व्यापक ढंग से गली गली प्रचार-प्रसार भी किया गया था ।

जिस कारण ग्राम पंचायत कार्यालय गोसलपुर में योजना में पंजीबद्ध होने हेतु हितग्राही महिलाओं की दिनभर भीड़ लगी रहती है और महिलाओं मे योजना को लेकर काफी उत्सुकता व उत्साह देखा जा रहा है

# कायस्थ समाज ने मनाई भगवान चित्रगुप्त की जयंती



सिहोरा, यशभारत। परमपिता ब्रम्हा जी के अंश से उत्पन्न हुए भगवान चित्रगुप्त जी का प्रगटोत्सव कायस्थ समाज ने पुरानी कन्या शाला के पास स्थित चित्रगुप्त मंदिर में धूमधाम से मनाया सर्वप्रथम भगवान का पूजन अर्चन भजन कीर्तन का आयोजन हुआ तदपश्चात महाआरती का आयोजन एंव प्रसाद वितरण किया इस अवसर पर समाज के सभी लोग उपस्थित थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार सृष्टि के निर्माण के उद्देश्य से जब भगवान विष्णु ने अपनी योग माया से सृष्टि की कल्पना की तो उनकी नाभि से एक कमल निकला जिस पर एक पुरुष आसीन था चूंकि इनकी उत्पत्ति ब्रह्मांड की रचना और सृष्टि के निर्माण के उद्देश्य से हुई थी अतः ये ब्रह्म कहलाये ।इन्होंने सृष्टि की रचना के क्रंम में देव-असुर, गंधर्व,अप्सरा,स्त्री-पुरुष,पशु पक्षी को जन्म दिया ।इसी क्रंम में यमराज का भी जन्म हुआ जिन्हें धर्मराज की संज्ञा प्राप्त हुई क्योंकि धर्मानुसार उन्हे जीवों को सजा देने का कार्य प्राप्त हुआ था।धर्मराज ने जब एक योग्य सहयोगी की मांग ब्रह्म जी से की तो ब्रह्म जी ध्यानलीन हो गये और एक हजार वर्ष की तपस्या के बाद एक पुरुष उत्पन्न हुआ ।इस पुरुष का जन्म ब्रह्म जी की काया से हुआ था अतः ये कायस्थ कहलाये और इनका नाम चित्रगुप्त पडा।

# ग्रामीणों ने भरे मार्ग के गड्ढे



**बेलखाडू , यशभारत।** जबलपुर से दमोह रोड के बेलखाडू एवं आसपास रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं पूरे मार्ग में इतने बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं कि मार्ग पर चलना लोगों के लिए मौत का कारण बन गया है जबलपुर से दमोह रोड की इस दुर्दशा को अधिकारी संज्ञान में नहीं ले रहे हैं और इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए मोन प्रशासन को जगाने सिमरिया तिराहा के पास ग्रामीणों ने इन गड्ढों को गिट्टी मुरम से भरने का बीड़ा उठाया है स्थानीय निवासी राम राज भुरक शुभम बर्मन सोनू कोल जागेश्वर वर्मन आदि ग्रामीणों द्वारा जन सहयोग से सड़क में दुर्घटना का कारण बन रहे सिमरिया तिराहा के पास के गड्ढों को भरा गया ताकि कोई वाहन चालक इन गड्ढों की चपेट में आकर दुर्घटना का शिकार ना हो।

# इतिहास को प्रमाणिकता से लिखने की जरूरत है : केन्द्रीय मंत्री



**नरसिंहपुर यभाप्र।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने 1842 की बुंदेला क्रांति के नायक डेलनशाह मदनपुर, दीवान गजराज सिंह लोधी हीरापुर, राजा नरवर शाह राजगोंड़ ढिलवार एवं जंगी राजा मेहरबान सिंह हीरापुर की मूर्तियों का बीते दिवस जिले की करेली तहसील के राजा हिरदेशाह नर्मदा सेतु ग्राम केरपानी में अनावरण किया। कार्यक्रम में बुंदेला क्रांति के वीरों के वंशजों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद पटैल ने कहा कि गौरव दिवस समारोह में राजा हिरदेशाह लोधी की स्मृति में यह कार्यक्रम आयोजन करने का उद्देश्य हमारे जिले के गौरवशाली इतिहास को सबके सामने लाने का है। बुंदेला क्रांति के वीरों के इतिहास को हमारी पीढ़ी याद रखे, क्योंकि इतिहास एवं समाज में पहले इन्हें कोई स्थान नहीं मिला, जबकि इनका बलिदान हमारी आजादी के लिए था। उन्होंने कहा कि हम इन वीरों एवं उनके वंशजों के त्याग को कभी भूल नहीं सकेगें। श्री पटैल ने कहा कि भावी पीढ़ियां इन शहीदों के योगदान से सदैव प्रेरणा लेती रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के दौरान देश के भूले बिसरे क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सबके सामने लाने का जो संकल्प लिया गया है, वह प्रशंसनीय है।

उन्होंने बताया कि संगोष्ठियों के माध्यम से इतिहासकारों एवं कवियों की मौजूदगी में 1842 की बुंदेला क्रांति, 1857 की क्रांति आदि में कुर्बानी देने वालों के बारे में साहित्य के बारे में बताया जाये। इनसे संबंधित साहित्य को संकलित किया जाये। उनसे जुड़े इतिहास को प्रमाणिकता से लिखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वीर सिर्फ शरीर बलवान नहीं होता, बल्कि उसका अपना चरित्र होता है। इस संदर्भ में उन्होंने शहीद जसवंत सिंह का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि संस्कृति मंत्री होते हुए उन्होंने पिछले दो हजार सालों के इतिहास को जाना है, जिसमें कभी भी शहीदों ने गुलामी नहीं स्वीकारी। इसमें रानी दुर्गावती, छत्रसाल बुंदेला, रानी अवंती बाई, बिरसा मुंडा सहित कई नायक शामिल हैं। उन्होंने युवा पीढ़ी से आव्हान किया कि वे अपनी 6 पीढ़ी का ज्ञान रखे एवं उनके इतिहास को जानें। वीर नायकों एवं शहीदों से संबंधित स्थानों को पहचान देना हमारा कर्त्तव्य है। विशिष्ट अतिथि तेलंगाना विधायक राजा सिंह ने कहा कि वीर शहीदों ने अपने बारे में नहीं सोचा, बल्कि देश के बारे में सोचा एवं आजादी की लड़ाई अंग्रेजों से लड़ी। इनसे संबंधित इतिहास को अंग्रेजों द्वारा दबाकर रखा गया, जिसे शोधकर्ताओं द्वारा उजागर किया। आज अगर हम आजाद हैं, तो इन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों की बदौलत है। मध्यप्रदेश की धरती वीरों की धरती है। हमारे पुरखों की बदौलत आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। विधायक राजा सिंह ने युवाओं से आव्हान किया कि प्रतिदिन इतिहास के बारे में जानें और इसकी जानकारी लोगों तक पहुंचायें। विधायक एनपी प्रजापति ने कहा कि यह कार्यक्रम समग्र व्यक्तियों का है, किसी एक व्यक्ति अथवा परिवार का नहीं। सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम से अलग यह कार्यक्रम बिलकुल भिन्न है। पिछले वर्ष से शुरू इस कार्यक्रम का स्वरूप डेढ़ गुना बढ़ा है। यहां अपनत्व के भाव का दर्शन दिखाई देता है। विधायक संजय शर्मा ने इस कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए कहा कि 1842 के बुंदेला क्रांति के वीरों का इतिहास देश के पटल पर रखा है। उन वीरों का जिक्र नहीं हो रहा था, अब उनके नाम से लोग जानने लगे हैं। उनसे जुड़े वंश के लोगों को सम्मान दिलाने का यह अच्छा प्रयास है। विधायक जालम सिंह पटैल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि राजा हिरदेशाह की पुण्य तिथि बलिदान दिवस 28 अप्रैल को जिले के गौरव दिवस समारोह के रूप में मना रहे हैं।

# अश्वनी कुमार पाठक के बालसाहित्य पर चौथी पी.एच. डी



सिहोरा, यशभारत। नगर के वरिष्ठ साहित्यकार कवि अश्वनी कुमार पाठक के बाल साहित्य पर चौथी पी. एच. डी प्रस्तावित है । यह शोधकार्य अश्वनी कुमार पाठक एवं सुरेश चंद्र सर्वहारा के बाल-काव्य का तुलनात्मक अध्यन विषय पर शोधार्थी शेख जेबा शकील महाराष्ट्र द्वारा डॉ. हनुमंत जगताप अक्षत प्रोफेसर एवं अध्यक्ष हिंदी विभाग न्यू आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज अहमदनगर महाराष्ट्र के निर्देशन में संपन्न किया जाएगा।

# फागों का मुकाबला एवं कवि सम्मेलन आज

सिहोरा। एस एस कालेज ग्राउंड खितौला में आज शनिवार को रात्रि 8 बजे से फागों का महाजंगी मुकाबला एंव कवि सम्मेलन का आयोजन काग्रेंस ब्लाक अध्यक्ष बिहारी पटेल के मुख्यातिथ्य,अजय बेटू शर्मा पार्षद,राजेश चौबे पार्षद, रमेश पटेल पार्षद,गणेश दाहिया,शंभू गोटिया,रामलोचन कोल के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया है।तथा मंच का संचालन पूर्व पार्षद मंसूर मंसूरी करेंगे कार्यक्रम आयोजक सुभाष मरावी ने बताया मवई पिपरिया के कवि पूरन लाल झारिया एंव करेली कला की कवि भगवती बाई फाग तथा रचनाएँ प्रस्तुत करेगी।आयोजन में सभी से पहुचने की अपील की गई है।

# वेटर ने किया अपहरण, गिरफ्तार

पाटन,यशभारत। लग्न कार्यक्रम से एक नाबालिग का अपहरण करने वाले वेटर को पाटन पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली 7 वर्षीय किशोरी गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रलोभन देकर अपहरण का प्रकरण दर्ज किया मामले की जांच के लिए एस आई रवि उपाध्याय और आकाशदीप साहू ने बालिका की पतासाजी प्रारंभ की तो पता चला कि किशोरी माढोताल प्रभात नगर गली नंबर 3 निवासी जाहर नुनिया पिताहेमराज के साथ देखी गई है यह पता चलते ही टीम ने हेमराज को गिरफ्तार कर नाबालिक को दस्तयाब कर लिया। नाबालिग को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

# शासकीय भूमि से हटाया गया अवैध अतिक्रमण



गाडरवारा(यशभारत)। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में तहसील गाडरवारा के अंतर्गत एसडीएम श्रीमति सृष्टि देशमुख गौड़ा की मौजूदगी में शासकीय भूमि का अतिक्रमण हटाया गया। इसमें ग्राम करपगाँव में आबादी भूमि पर अवैध अतिक्रमण एवं 4 एकड़ घोषित आबादी पर अतिक्रमण हटाया एवं भू आवासीय योजना हेतु लेआउट भी डलवाया गया। ग्राम धमेटा में खेल ग्राउंड पर बना अवैध प्लॉट जेसीबी से तोड़ा गया। ग्राम शाहपुर में आबादी अन्तर्गत रास्ते पर मौजूद अवरोध को हटाया गया, ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके। इसके अलावा सांईखेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम करहैया में पंचायत द्वारा सामूहिक भवन एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए चिन्हित भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। मौके पर उपयंत्री द्वारा लेआउट डाला गया। ग्राम बरगी में 8 एकड़ भूमि अतिक्रमणकर्ता से मुक्त कराकर खेल मैदान हेतु ग्राम पंचायत को सौंपी गई।

## जैन धर्मशाला में नि :शुल्क स्वास्थ शिविर 30 को

**सिहोरा।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद पारशनाथ शाखा द्वारा आगामी 30 अप्रैल को जैन धर्मशाला में सुबह 10 बजे से दोफहर 1 बजे तक निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया है।इसमें भाग लेने मरीजों को पहले से रजिस्ट्रेशन कराना होगा शिविर में स्त्री रोग,दंत रोग,होम्योपैथी विशेषज्ञ,जनरल फिजिशियन विशेषज्ञ,इलेक्ट्रो होम्योपैथी,पेथालाजिस्ट,नेत्र विशेषज्ञ आदि के डाक्टर उपस्थित रहेगे।आयोजन में निशुल्क दवा वितरण के साथ ब्लड टेस्ट,ब्लडप्रेशर,बजन,हिमोग्लोबिन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर की आयोजक श्रीमती निशा जैन प्रांतीय सह कोषाध्यक्ष एंव केन्द्रीय सह मंत्री, श्रीमती आशा जैन चौधरी प्रांतीय प्रभारी एंव केन्द्रीय चेयरमैन एंव सहयोगी अखंड जैन समाज,म परिषद,प्रसाद सागर सेवा समिति है।शिविर में उपस्थिति की अपील जैन समाज अध्यक्ष सुधीर जैन,नीतू सिघई अध्यक्ष,जयश्री जैन सचिव आदि ने की है।

# जातिगत जनगणना न कराकर जिम्मेदारी से भाग रही सरकार:यादव

नरसिंहपुर यभाप्र। विगत 2 वर्षो से ओबीसी महासभा जिला नरसिंहपुर ने शासन-प्रशासन को महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित पिछड़ा वर्ग आयोग को पिछड़ा वर्ग की जातिगत जनगणना कराने संबंधी ज्ञापन सौंपा और सौंपते चले आ रहे है परंतु केन्द्र सरकार और राज्य सरकार जातिगत जनगणना नही कराकर अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। उक्ताशय के उद्गार व्यक्त करते हुए ओ.बी.सी. महासभा के जिला महामंत्री हल्के सिंह यादव ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में व्यक्त किये।श्री यादव ने कहा कि जब पशु, पक्षी, पेड़ और जंगली जानवरों की गिनती हो सकती है तो पिछड़ा वर्ग की जातिगत जनगणना क्यों नही हो सकती। मप्र में ओबीसी वर्ग की जनसंख्या लगभग 54 प्रतिशत है और मप्र सरकार ओबीसी को 14 प्रतिशत आरक्षण दे रही है और उसमें से भी किन्नरों को 3 प्रतिशत आरक्षा दे दिया है अब ओबीसी को 11 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है जो ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है जिसका ओबीसी महासभा विरोध करती है। ओबीसी महासभा के जिला महामंत्री श्री यादव ने कहा कि सरकार किन्नरों को 3 प्रतिशत आरक्षण अलग से देना चाहिए और ओबीसी वर्ग का आरक्षण जनसंख्या के अनुपात में दिया जाना चाहिए और ओबीसी वर्ग का आरक्षण संविधान की 9 वीं अनुसूची में शामिल किया जाना चाहिए। सत्ता पक्ष के पिछड़ा वर्ग के विधायकगणों का मौन रहना और सरकार का पिछड़ा वर्ग से अन्याय करना अगले चुनाव में महंगा साबित हो सकता है अगले चुनाव में पिछड़ा वर्ग की भूमिका निर्णायक रहेंगी।

# दिन में कई बार बन्द हो रही बिजली

**गोटेगांव, यशभारत।** गोटेगांव नगर के पथरहां कुआँ से किसानी मोहल्ला जाने वाले मार्ग पर मुरलीधर मंदिर के आसपास और समीपी हरदौल एवं शास्त्री वार्ड की बिजली विगत कई वर्षो से दिन में कई बार बन्द कर दी जाती है ना आंधी चली ना कोई विपदा फिर भी घण्टों के लिये विद्युत व्यवस्था बन्द जर दी जाती है एक तरफ़ तो बिजली बिल भी भर मूसरा आ रहे हैं फिर भी बिजली बंद का यह नाटक तत्कालीन दिग्विजय सरकार की स्मृति कराने लगा है।घटिया।मेनटेन और ठेकेदारों पर निर्भर व्यवस्था का इन वार्डों में विगत कई वर्षो से देखा जा रहा है दिन हो चाहे रात्रि हो बार बार बिजली बंद होना इन वार्डों में बिजली विभाग का धर्म ही बन गया है।वैसे भी वर्तमान में भीषण गर्मी के चलते बार बार बिजली घण्टों के लिये बन्द करना कहां का न्याय है।पेयजल सप्लाई के समय कर दी जाती है बिजली बंद--नगर में अल सुबह से ही भीषण गर्मी के चलते पेयजल की सप्लाई शुरू हो जाती है पता चला कि कुछ ही मिनिट पेयजल की सप्लाई शुरू हुई और विद्युत व्यवस्था चरमराई।लिहाज़ा बिजली बंद।याबी पानी पीने को कैसे मिले एक तरफ तो शासन कहता है कि जल ही जीवन है तो फिर बिजली बंद क्या है।अगर इसी तरह बिजली बार बार बन्द होती रही तो विद्युत विभाग का क्या औचित्य है।यह विषय नगर में जनचर्चा का विषय बनता जा रहा है समाचार लिखे जाने तक विद्युत बन्द है।शासन में बैठे जबाबदार अधिकारी इस ओर शीघ्र ध्यान दें।वैसे भी इसी वर्ष विधानसभा चुनाव भी सम्पन्न होने है इसलिये शासन से इस ओर ध्यान देने की अपेक्षा नगर वासियों ने की है।

# स्वयं के ज्ञान का स्वयं के लिए करें उपयोग : मुनि श्री सुप्रभसागर




**नगर में जैन मुनि संघ का आगमन**

गाडरवारा(यशभारत)।नगर में मुनि संघ का आगमन हुआ सकल जैन समाज द्वारा शांतिदूत तिराहे पर महाराज श्री की बैंड बाजों के साथ अगवानी की गई । गौरतलब हो कि चिर प्रतिक्षा के उपरांत मुनि संघ का नगर आगमन हुआ है जैन समाज ने उत्साह के साथ अपने अपने घरों के सामने रंगोली सजाकर मुनि संघ का पाद प्रक्षालन कर मुनि श्री की आरती की। मुनि संघ ने नगर के सभी जिनालयो के दर्शन किए । चावड़ी वार्ड स्थित जैन समाज की धर्मशाला वीर विद्या निलय में मुनि श्री सुप्रभसागर मुनि श्री प्रणत सागर ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आंखों में यदि मुस्कान हैं तो मंजिलें तुमसे दूर नहीं, पंखों में यदि जान है तो आसमान तुमसे दूर नहीं।

विषयों-कषाये में रमने वाले इंसानों, श्रद्धा में यदि जान है तो भगवान तुमसे दूर नहीं । सात वर्ष की श्रद्धा-भक्ति का ही परिणाम है कि आज मुनि संघ का सानिध्य आप लोगों को मिला। उन्होंने आगे कहा कि अज्ञान ही संसार श्रमण का सबसे बड़ा कारण है।अज्ञान हटाओ कष्ट मिटाओ , आज तक व्यक्ति ने स्वयं के ज्ञान का उपयोग दूसरे के लिए ही किया। संसार में रायचंदों की कभी नहीं है कमी यदि है तो कर्मचंद की है। मैं कौन हूँ, कहाँ से आया हूँ मुझे कहाँ जाना है- इन तीन प्रश्न का उत्तर जिसने खोज लिया वह भगवान बन गया। वर्तमान में ज्ञान की कमी किसी के पास नहीं है लेकिन वह ज्ञान मात्र दूसरों को समझाने के लिए है स्वयं के ज्ञान का स्वयं के लिए करें उपयोग । मुनि संघ ने बीते गुरुवार को रात्रि विश्वाम जिनेश जैन हीरा ज्वैलर्स के फार्म हाउस पर किया , शुक्रवार को प्रातः कॉल की बेला में मुनि श्री सुप्रभसागरजी एवं मुनि श्री प्रणल सागर जी ने गाडरवारा नगर प्रवेश किया। मुनि श्री के आगमन एवं उनके सानिध्य में जैन समाज काफी उत्साहित नजर आ रहा है। सकल जैन समाज समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं ने मुनि श्री की गर्मजोशी के साथ अगवानी की।

# अर्हम ध्यान, आत्म जागृति में सहायक है



**शहपुरा भिटौनी, यशभारत।** रूप में अध्यात्म विद्या सीखने के लिए अर्हम ध्यान का उदय हुआ है। अर्हम ध्यान योगे रू के पाठयकम् में शामिल हुआ है जव जागो तभी सबेरा वाली बात अध्यात्म विद्या में समाहित है। हमारे अंदर से भीतर से जागृति तब आती है जब हम अध्यात्म की ओर उन्मुख होते हैं। मम अहं इति जागृति आर्थात मैं अपना हूँ । अर्थात् में ही मेरा हूँ, अन्य कोई नहीं यह जाग्रति हर आत्मा में जागृति आए यही क्रिया और भावना अहम् ध्यान योग से की जा रही है। आत्म जागृति अर्हम ध्यान के माध्यम से संभव हो जाती है। अर्हम ध्यान वह है जो अब तक नहीं किया गया। यह ध्यान योग की क्रिया मात्र मंदिरों तक ही सीमित नहीं है- अपितु आगरा और एकलव्य युनिवर्सिटी के पाठ्यक्रम मैं सम्मिलित हो चुकी है जहाँ विद्यार्थी इसका अध्ययन कर रहे हैं। आज रेवाड़ी हरियाणा, बड़ौत दिल्ली मुजफरनगर आदि स्थानों से श्रावक श्राविकाएं उपस्थित हुए जो मुनिश्री की प्रेरणा से प्राकृत और अर्हम ध्यान योग, विषयों पर अध्ययन कर रहे हैं। समिति द्वारा उनका अभिनंदन किया गया ज्ञान जब विकसित रहता है बाहरी वस्तु प्रभाव नहीं डाल पाती है। डिप्रेहान के समय में व्यक्ति कुछ नहीं कर पाता। आपके पास चार अंग हैं दो हाथ और 2 पैर वह कुछ भी कर सकता है। एक स्थान पर बैठकर मन में घुन लगाओ- एक ही धुन लगाने से कुछ नहीं होगी टेंस और डिप्रेसन की धुन व्यक्ति कों खोखला कर देती है। उक्त उद्गगार अर्हम योग प्रणेता प्रणम्य सागर जी ने शहपुरा मैं व्यक्त किए । प्रतिदिन प्रातः 8.30 बजे से मुनि श्री के मंगल प्रवचन हो रहे है । शहपुरा जैन पंचायत ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से सभी कार्यक्रमों मैं उपस्थित होने की अपील की है ।



# अर्जुन का एक सफल ऑलराउंडर न बनना क्रिकेट के लिए नुकसान

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने बेंच पर 3 साल काटने के बाद आखिरकार साल 2023 आईपीएल में डेब्यू किया. शुरुआती कुछ मैचों में वह उतना प्राभावित नहीं कर सकें. लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की. कई लोगों को पता है कि उन्होंने युवराज के पिता योगराज सिंह से ट्रैनिंग ली है. योगराज ने अर्जुन के डेब्यू के बाद एक इंटरव्यू में उनकी काबिलियत पर बात की.



## योगराज सिंह ने सचिन के बेटे को लेकर क्यों कहा ऐसा?

योगराज सिंह ने एक हिन्दी दैनिक से बातचीत में कहा, ‟उनकी बॉलिंग एंगल में थोड़ी कमी है. अर्जुन का हाथ 45 डिग्री पर आ रहा है. जैसे बुमराह और मलिंगा का आता है. अर्जुन जिस दिन कान के पास से बॉलिंग करने लगेंगे उनकी गति और भी बढ़ जाएगी. वह करीब 145 किमी से ज्यादा की स्पीड से बॉलिंग करने लगेंगे. योगराज सिंह ने आगे कहा, रोहित शर्मा को अर्जुन तेंदुलकर को नंबर 3 या ओपनिंग स्पॉट पर आजमाना चाहिए. उसे खेलने के लिए 5 ओवर दे दें. जिससे वह खुलकर खेलेंगे. जिस दिन उसका बैट चलेगा वह बादशाह बनेगा और पिता की तरह राज करेगा. उसे मौका जरूर मिलना चाहिए क्योंकि वह गेंदबाज के साथ अच्छे बल्लेबाज भी हैं.योगराज सिंह बोले,‟मुझे युवी ने बताया था कि सचिन सर का फोन आ रहा है कि अर्जुन को अच्छे से ट्रेनिंग दी जाए. मैंने कहा कि सचिन और युवी दोनों को अर्जुन को ट्रेनिंग देनी चाहिए. अगर उसे गाइड किया गया तो उसे एक बेहतर ऑलराउंडर बनने से कोई नहीं रोक पाएगा. अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह क्रिकेट के लिए एक बड़ा नुकसान होगा।

# MS DHONI को 183 में मिली थी 1 साल की गारंटी

## पहले खेली तूफानी पारी फिर चलाई थी गोली, अब तक नहीं भूले



नई दिल्ली, एजेंसी। महेंद्र सिंह धोनी को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिए 3 साल हो गए हैं. लेकिन, वो अभी भी आईपीएल खेल रहे हैं. लेकिन, उनका ये सफर भी इस सीजन के बाद खत्म हो सकता है. धोनी की कप्तानी में भारत ने 4 साल के भीतर 2 वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी. हालांकि, धोनी ने एक दौर ऐसा भी देखा है, जब टीम में वो जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे. लेकिन, पाकिस्तान के खिलाफ वनडे की अपनी पहली सेंचुरी ठोकने के बाद उनका करियर असल मायने में शुरू हुआ था.इसके बाद उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 183 रन की धमाकेदार पारी खेली थी. यहीं से धोनी को पहचान मिली थी. उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के बाद अपने क्रिकेट सफर से जुड़ा दिलचस्प खुलासा किया. महेंद्र सिंह धोनी ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच गंवाने के बाद प्रजेंटेशन में कहा, ‟जयपुर का सवाई मान सिंह स्टेडियम मेरे लिए बड़ा स्पेशल है. मेरा पहला वनडे शतक वाइजैग में आया था. इसके बाद मुझे 10 मैच की गारंटी मिली थी. लेकिन, मैंने जयपुर में श्रीलंका के खिलाफ जो 183 रन की पारी खेली थी, उसने एक साल के लिए टीम में मेरी जगह एक तरह से पक्की कर दी थी. यहां वापसी करके मैं खुश हूं। बता दें कि धोनी ने 31, अक्टूबर 2005 को जयपुर में श्रीलंका के खिलाफ हुए एक वनडे मुकाबले में नंबर-3 पर बैटिंग करते हुए नाबाद 183 रन ठोके थे. ये उनके वनडे करियर की सबसे बड़ी पारी भी साबित हुई थी. धोनी ने इस मैच में 10 छक्के और 15 चौके उड़ाए थे और भारत ने 46.1 ओवर में ही 299 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था. ये धोनी का दूसरा वनडे शतक था. इस सेंचुरी के बाद धोनी रातों-रात स्टार बन गए थे. दुनिया भर में उनकी पावर हिटिंग की चर्चा होने लगी थी। इस पारी के बाद उन्हें टीम में अपनी जगह को लेकर फिर कभी परेशान नहीं होना पड़ा. वो आगे चलकर कप्तान बने और उस भूमिका में भी कामयाबी की नई इबारतें गढ़ीं. इसी वजह से जयुपर उनके दिल के काफी करीब है।



# दो बार 5 विकेट और हैट्रिक लेने वाले इस बॉलर का कभी रहा जलवा

## अब विकेट के लिए तरस रहा

नई दिल्ली,ईएमएस। बुरा वक्त कब आ जाए, कहा नहीं जा सकता. इंडियन प्रीमियर लीग में जिस खिलाड़ी की एक समय तूती बोलती थी, वह इस बार अपनी टीम का भरोसा खोता नजर आ रहा है. पारी में दो बार 5 विकेट लेने के अलावा एक हैट्रिक भी इस गेंदबाज के नाम पर दर्ज है. संभवतःयही कारण है कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट पर अब तक आईपीएल में सबसे ज्यादा फ्रेंचाइजी ने उन पर दांव लगाया है, टूर्नामेंट में वे 11 बार ‘बिकने’ का रिकॉर्ड बना चुके हैं. वर्ष 2018 की आईपीएल नीलामी में तो राजस्थान रॉयल्स की टीम ने उन्हें 11 करोड़ 50 लाख की मोटी रकम में खरीदा था.बहरहाल, अब स्थिति बदल चुकी है.’ब्रांड उनादकट’ की वैल्यू फिलहाल गिर रही है.इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने इस खिलाड़ी को 50 लाख रुपये के बेस प्राइज में खरीदा था. एलएसजी ने जब उनादकट को खरीदा था तो उसे उम्मीद थी कि अपने अनुभव और गेंदबाजी कौशल से जयदेव टीम की विजय में उपयोगी साबित होंगे लेकिन अभी तक तो ऐसा नहीं हो पाया है.जयदेव को अब तक टीम के तीन मैचों में खेलने का मौका मिला है जिसमें वे कोई विकेट हासिल नहीं कर पाए हैं. यही नहीं, सटीक गेंदबाजी के मामले में भी वे अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके हैं. आठ ओवरों में उनादकट ने 92 रन लुटाए हैं और उनकी इकोनॉमी 11.50 की है. अपनी कप्तानी में इस सीरीज में सौराष्ट्र को रणजी ट्रॉफी चैंपियन बनाने वाले उनादकट ने तीन मैच की एक पारी में 9 रन बनाए हैं।

### सनराइजर्स के खिलाफ ली थी हैट्रिक

आईपीएल में वे अब तक दिल्ली डेयरडेविल्स,कोलकाता नाइटराइडर्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइटराइडर्स, राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स जैसी टीमों की ओर से खेल चुके हैं. राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स की ओर से खेलते हुए ही जयदेव ने आईपीएल-2017 में हैट्रिक लेने का कारनामा किया था, उन्होंने लगातार गेंदों पर सनराइजर्स हैदराबाद के बिपुल शर्मा,राशिद खान और भुवनेश्वर कुमार को आउट किया था.

### आईपीएल में दो बॉलर ही ले सके हैं पारी में 5 विकेट

वर्ष 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और 2017 में राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स की ओर से खेलते हुए उनादकट ने पारी में पांच विकेट लेने की उपलब्धि हासिल की थी. आईपीएल में उनके अलावा जेम्स फॉकनर ही दो बार पारी में पांच विकेट लेने की उपलब्धि हासिल कर सके है.2013 में उन्होंने आरसीबी की ओर से दिल्ली डेयरडेविल्स (नया नाम दिल्ली कैपिटल्स) के खिलाफ 25 रन देकर पांच विकेट और 2017 में आरपीएसजी के लिए खेलते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 30 रन देकर पांच विकेट लिए थे।

## रंग संसार

# रोम में पति संग रोमांटिक हुई प्रिंयका चोपड़ा

**मुंबई, एजेंसी।** अपनी बोल्ड फैशन चॉइस के लिए जानी जाने वाली फैशन आइकॉन प्रियंका चोपड़ा ने एक बार फिर अपने हॉट लुक से सभी को चौंका दिया था। इस दौरान उन्होंने पति निक जोनस के साथ रोमांटिक पोज देने में भी कोई कमी नहीं छोड़ी। इस कपल ने अपनी इस अदाओं से लोगों का दिल जीतने में कोई कमी नहीं छोड़ी।

दरअसल देसी गर्ल इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज सिटाडेल के जबरदस्त प्रमोशन में बिजी हैं। हाल ही में वह Citadel की इटैलियन स्क्रीनिंग के लिए इटली के खूबसूरत शहर रोम में पहुंची थी। इस इवेंट के लिए प्रियंका ने ग्रीन कलर का खूबसूरत गाउन कैरी कर पूरी लाइमलाइट ही लूट ली। डीप नेक गाउन में एक्ट्रेस काफी हॉट और गॉर्जियस लग रही है। पीसी ने इस ड्रेस को लग्जरी लेबल Valentino से लिया गया था। इसमें फ्रंट पर दी गई प्लंजिंग नेकलाइन टीजिंग इफेक्ट क्रिएट कर रही थी, तो वहीं रोब और उसकी फेदर डीटेल ड्रामा ऐड करती दिखी।

डीप नेक गाउन में एक्ट्रेस के क्लीवेज साफ नजर आ रहे थे, इसके साथ ही गले में पहना नेकलेस अटेंशन पॉयंट बन गया था। देसी गर्ल ने अपने लुक को हाई पोनीटेल, काजल और आईलाइनर से हाइलाइट की गई आंखें, डार्क लिपस्टिक और फ्लॉलेस ओवरऑल मेकअप से पूरा किया था।

प्रियंका के इस लुक पर उनके पति निक जोनस भी मर मिटे थे। वह अपनी पत्नी के चेहरे से नजरें नहीं हटा पा रहा था। फोटोशूट में दोनों एक दूसरे की आखों में खोए नजर आए। लोगों का कपल का ये लुक बेहद पसंद आया।



# अवॉर्ड नाइट में छा गया आलिया का हॉट लुक



बॉलीवुड की गलियों में जो नाम सबसे ज्यादा छाया हुआ है वह है आलिया भट्ट का। गंगूबाई काठियावाड़ी के बाद से ही उनका ही जलवा देखने को मिल रहा है, तभी तो वह आए दिन अवार्ड अपने नाम करती जा रही हैं। फिल्म फेयर के 68वें संस्करण में भी उनके बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड से नवाजा गया। इस खास मौके के लिए आलिया का लुक भी काफी खास था। ऑल ब्लैक ड्रेस में काफी हॉट लग रही थी, ऐसे में एक बार फिर वह लाइमलाइट लुटने में कामयाब रही। उनके इस अंदाज की तारीफें करने से लोग खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। अवॉर्ड नाइट के लिए एकट्रेस ने ऑफ शोल्डर ड्रेस कैरी की थी, इसके साथ उन्होंने बालों को बांध रखा था। हालांकि इस दौरान उन्होंने किसी भी तरह की ज्वैलरी कैरी नहीं की थी, इसके बावजूद भी वह काफी कमाल का लग रही थी। इसी बीच उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह गंगू स्टाइल में कहती सुनाई दे रही हैं- 卐फिल्म फेयर जान थी और जान रहेगी卐। वहीं एक तस्वीर में वह दिग्गज अदाकारा रेखा के सामने सिर झुकाते नजर आ रही है। आलिया भट्ट की यही बातें उन्हें सबसे अलग बनाती है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी जीत की खुशी जताते हुए लिखा- गंगू मेरी जान..मुझ पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद संजय सर, मैं हमेशा के लिए आपका कर्जदार रहूंगी! आलिया ने आगे लिखा- मेरे दर्शकों के लिए - मेरे प्रशंसक, मेरा परिवार! बेहतर करने के लिए मेरी निरंतर प्रेरणा बने रहने के लिए धन्यवाद। इसके बाद उन्होंने परिवार को धन्यवाद करते हुए लिखा- मेरा खूबसूरत परिवार जो मुझे आधार देता है- मम्मा, पापा, तन्ना आई लव यू .. मेरी दूसरी मॉम - मेरी सास और मेरे ससुर जिनका आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ है। मेरे पति और मेरी बच्ची, जो उस समय वहां नहीं थी लेकिन वह मेरे लिए जो खुशी और शांति लाई है, उसके लिए मैं अपने शेष जीवन के लिए धन्यवाद देना जारी रखूंगी।




# करोड़ों की प्रॉपर्टी के मालिक हैं शरमन जोशी

**नई दिल्ली,ईएमएस। बॉलीवुड एक्टर शरमन जोशी अपने एक्टिंग और कॉमिक टैलेंट से दर्शकों को खूब एंटरटेन किया है. आज वह अपना 44वां बर्थडे सेलिब्रेट करने वाले हैं. नागपुर में जन्मे शरमन को एक्टिंग की शिक्षा घर से ही मिली और जब वह करियर बनाने के लिए आगे आए तो पहले थिएटर का रुख किया. शरमन एक गुजराती परिवार से ताल्लुख रखते हैं. महज 21 साल में वह उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड संग शादी रचा ली थी. उनकी पत्नी बॉलीवुड के जाने माने विलेन की बेटी हैं. जिन्हें पहली नजर में देखते ही शरमन अपना दिल हार बैठे थे. असल जिंदगी में शरमन करोड़ों की प्रॉपर्टी के मालिक हैं.**

शरमन ने एक्टिंग की दुनिया में कदम थिएटर की बारीकियां समझने के बाद ही रखा था. साल 1999 में फिल्म ‘गॉडमदर’ से उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. इस फिल्म को बेस्ट हिंदी फिल्म के साथ 6 नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिले थे. इसके बाद उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया. बात अगर शरमन के करियर की हिट फिल्मों की करें तो उन्होंने ‘गोलमाल’, ‘स्टाइल’, ‘3 इडियट्स’, ‘रंग दे बसंती’ और ‘एक्सक्यूज मी’ जैसी कई शानदार फिल्मों में काम किया. जिन्होंने एक्टर को अलग पहचान दी. ‘रंग दे बसंती’ और ‘3 इडियट्स’ जैसी फिल्मों में जबरदस्त अभिनय कर चुके शरमन जोशी को फिल्म ‘फरारी की सवारी’ के लिए 40 ऑडिशन देने पड़े थे.

### 21 साल में रचा ली थी शादी

शरमन जोशी ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि वह अपनी पत्नी प्रेरणा को पहली नजर में दिल दे बैठे थे. दोनों के रिश्ते की शुरुआत दोस्ती से हुई थी और धीरे-धीरे उनका रिश्ता गहरा होता गया. लेकिन इनकी लव स्टोरी की दिलचस्प बात ये है कि शरमन और प्रेरणा ने कभी भी एक-दूसरे से अपने दिल की बात नहीं कही थी. इस कपल की मुलाकात साल 1999 में हुई थी. पूरे एक साल बाद ही साल 2000 में ये कपल शादी के बंधन में बंध गया था.



### करोड़ों की प्रॉपर्टी के हैं मालिक

अपने एक्टिंग टैलेंट के दम शरमन जोशी ने कई फिल्मों में अहम भूमिका निभाई है. अपने दम पर ही उन्होंने करोड़ों रुपये की संपत्ति बनाई है और आज वह लग्जरी लाइफ जी रहे हैं. मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, उनके पास 105 करोड़ की प्रॉपर्टी है.वहीं उनकी फीस के बारे में कोई सटीक जानकारी अब तक नहीं मिल पाई है.

### खूंखार विलेन के हैं दामाद

शरमन जोशी की प्रोफेशनल लाइफ के बारे में ज्यादातर लोग जानते हैं कि लेकिन उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं. शरमन जोशी हिंदी सिनेमा के जाने माने विलेन प्रेम चोपड़ा की बेटी प्रेरणा चोपड़ा के पति हैं. दोनों कॉलेज के दिनों में एक-दूसरे से मिले और पहली बार मिले तो लगा कि दोनों के बीच एक खास कनेक्शन है. दोनों दोस्त बने और समय के साथ वह शादी के बंधन में भी बंध गए. कई सालों तक एक दूसरे को डेट करने के बाद 15 जून 2000 को उन्होंने मुंबई में शादी कर ली थी. दोनों के तीन बच्चे हैं एक बेटी ख्याना जिसका जन्म साल 2005 में हुआ था और दो जुड़वां बेटे वार्यन और विहान जिनका जन्म साल 2009 में हुआ था.

